दैनिक
# बुद्ध का संदेश
हिन्दी समाचार पत्र
एक विश्वास....

द राजा साब की एंट्री से फुस्स हुई धुरंधर, ...8

बलरामपुर
सोमवार, 12 जनवरी 2026
वर्षः 05 अंक : 100 पृष्ठः 8
आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ, कानपुर, कन्नौज, बरेली, सीतापुर, सोनभद्र, गोण्डा, बाराबंकी, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, अम्बेडकरनगर, फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महराजगंज, रामपुर, रायबरेली, सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

सम्पादक : राजेश शर्मा

दैनिक बुद्ध का संदेश 8795951917, 9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com

उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## 108 घोड़े, शंख-डमरू की गूंज...

### सोमनाथ में पीएम मोदी ने ऐतिहासिक शौर्य यात्रा से दिया अटूट आस्था का संदेश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को सोमनाथ में आयोजित शौर्य यात्रा में हिस्सा लिया। यह यात्रा जनवरी 1026 में विदेशी हमलावर महमूद गजनवी द्वारा सोमनाथ मंदिर पर किए गए पहले हमले को 1,000 साल पूरे हो होने के अवसर में निकाली गई है। यह उत्सव इन 1,000 सालों में सोमनाथ मंदिर के अटूट विश्वास और बार–बार पुनर्निर्माण की शक्ति को समर्पित है।



प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने आजादी के बाद मंदिर को फिर से बनवाने का संकल्प लिया था। साथ ही, उन्होंने उन योद्धाओं को भी याद किया जिन्होंने सदियों पहले मंदिर की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे।

108 घोड़ों का दस्ताः गुजरात पुलिस की माउंटेड यूनिट के 108 घोड़ों ने इस यात्रा की अगुवाई की। ये स्थानीय काठियावाड़ी और मारवाड़ी नस्ल के घोड़े थे, जिन्हें इस खास दिन के लिए 8 महीने तक ट्रेनिंग दी गई थी।

शंख और डमरू की गूंजः खेड़ा जिले के ब्रह्मर्षि संस्कृत महाविद्यालय के करीब 350 छात्रों ने जुलूस का नेतृत्व किया। इन छात्रों ने शंख और डमरू बजाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। ऋषिकुमारों से संवादः पीएम मोदी ने सोमनाथ मंदिर में पूजा–अर्चना की और वहां मौजूद युवा ऋषिकुमारों (संस्कृत के छात्रों) और कलाकारों से बातचीत की।

#### यात्रा की भव्यता और मुख्य आकर्षण

प्रधानमंत्री एक फूलों से सजी खुली गाड़ी में सवार होकर निकले। उनके साथ गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद थे। यात्रा के दौरान पीएम मोदी ने शंख बजाकर लोगों का उत्साह बढ़ाया।

#### सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का संदेश

यह पूरी शौर्य यात्रा दरअसल सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का एक हिस्सा है। इसका उद्देश्य दुनिया को यह बताना है कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति के साहस और बलिदान का प्रतीक है, जो हर विनाश के बाद और भी भव्य रूप में निखर कर सामने आया है।

## ट्रेडर ने मादुरो के पतन पर लगाया दांव, कमाए लाखों अमेरिकी डॉलर

नई दिल्ली। अमेरिकी सेना ने हाल ही में वेनेजुएला पर हमला करके उसके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अपनी हिरासत में ले लिया। इस घटना के बाद एक तरफ तो दुनिया में उथल–पुथल मची हुई है तो वहीं दूसरी तरफ एक ट्रेडर ने मादुरो के पतन पर दांव खेला और लाखों डॉलर अपनी जेब में कर लिए। पिछले हफ्ते एक गुमनाम ट्रेडर ने इस बात पर दांव लगाकर 400000 डॉलर से ज्यादा कमाए कि मादुरो जल्द ही पद से हट जाएंगे। पॉलीमार्केट प्लेटफॉर्म पर ज्यादातर ट्रेडर की बोलियां राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के उस सरप्राइज रेड की घोषणा से कुछ ही घंटे पहले लगाई गई थीं, जिसमें मादुरो को पकड़ा गया। दांव के समय और प्लेटफॉर्म पर ट्रेडर की सीमित एक्टिविटी की वजह से ऑनलाइन संभावित इनसाइडर ट्रेडिंग का शक पैदा हो रहा है। तर्क दिया जा रहा कि पकड़े जाने का जोखिम बहुत ज्यादा था और मादुरो के भविष्य के बारे में पिछली अटकलों के कारण ऐसे ट्रांजैक्शन हो सकते थे। पॉलीमार्केट ने इसको लेकर अभी कोई जवाब नहीं दिया है। हाल के सालों में प्रेडिक्शन मार्केट का कमर्शियल इस्तेमाल बहुत बढ़ गया है, जिससे लोगों के लिए भविष्य की घटनाओं की बढ़ती लिस्ट पर पैसे लगाने का रास्ता खुल गया है। लेकिन कुछ चौंकाने वाले फायदों के बावजूद, ट्रेडर हर दिन पैसे गंवाते हैं और अमेरिका में सरकारी निगरानी के मामले में इन ट्रेडों को जुए के पारंपरिक तरीकों से अलग कैटेगरी में रखा गया है – जिससे पारदर्शिता और जोखिम के बारे में सवाल उठते हैं।

## जमानत पर रिहा व्यक्ति को अपराध की आशंका पर हिरासत में रखना गलत, सुप्रीम कोर्ट का फैसला

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर किसी बंदी को जमानत पर रिहा कर दिया जाता है तो उसे महज इस आशंका पर एहतियाती हिरासत में रखना सही नहीं है कि वह दोबारा ऐसे अपराध में संलिप्त होगा जो सार्वजनिक व्यवस्था के लिए खतरा हो सकता है। यह आशंका उसे एहतियाती हिरासत में रखने का आदेश देने के लिए पर्याप्त आधार नहीं है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जमानत मिलने के बाद किसी व्यक्ति के दोबारा अपराध करने की आशंका, या सामान्य आपराधिक कानून के तहत जमानत रद करने के लिए पर्याप्त आधार होने पर भी, उसे एहतियाती हिरासत में रखना सही नहीं है। यह शक्ति असाधारण है और इसका उपयोग सामान्य आपराधिक प्रक्रियाओं (जैसे जमानत रद करने के लिए आवेदन) के विकल्प के रूप में नहीं किया जा सकता, बल्कि इसके लिए ठोस सबूत चाहिए कि वह व्यक्ति सार्वजनिक व्यवस्था के लिए खतरा है। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस एएस चंदुरकर की पीठ ने हैदराबाद की एक महिला के लिए हिरासत आदेश को रद कर दिया। उसे 1986 के तेलंगाना कानून, खतरनाक गतिविधियों की रोकथाम के तहत श्नशीली दवाओं का अपराधीश्श पाया गया था। इसका कारण यह था कि हिरासत आदेश में यह स्पष्ट नहीं किया गया था कि सार्वजनिक व्यवस्था किस प्रकार प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुई थी या प्रतिकूल रूप से प्रभावित होने की संभावना थी, जिसके कारण बंदी को हिरासत में लिया गया था। पीठ ने आठ जनवरी के अपने आदेश में कहा, श्इस प्रकार, हिरासत में लेने वाले अधिकारी की ओर से मात्र यह आशंका कि यदि बंदी को जमानत पर रिहा कर दिया जाता है, तो वह इसी तरह के अपराधों में लिप्त हो सकती है जो सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए हानिकारक होंगे, उसकी एहतियाती हिरासत का आदेश देने के लिए पर्याप्त आधार नहीं होगा।श



## जम्मू–कश्मीर के कई जिलों में दिखे संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन

### हाई अलर्ट पर सुरक्षाबल, सर्च ऑपरेशन शुरू

श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर के कई जिलों में रविवार को संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन देखे गए हैं। इसके बाद जम्मू–कश्मीर में सुरक्षाबलों को अलर्ट पर रखा गया है। सांबा में फ्लाइंग ऑबजेक्ट जैसा ड्रोन देखा गया है। बताया जा रहा है कि सांबा, राजौरी और पुंछ जिलों में अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा के पास कई संदिग्ध ड्रोन देखे गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, कम से कम पांच ड्रोन की आवाजाही देखी गई है, जिसके बाद व्यापक पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया गया है। क्या बोले स्थानीय लोगः सांबा में रामगढ़ के चक बबराल गांव और सांबा के पंगधोर में ड्रोन की गतिविधि देखी गई। स्थानीय लोगों ने ड्रोन देखे हैं। उनका कहना है कि ड्रोन पाकिस्तान की ओर से आये थे और उनसे लाल और नीली रंग की लाइट जल रही थी। सुरक्षाबलों ने की फायरिंगः बताया जा रहा है कि सभी ड्रोन पाकिस्तान की ओर से आए थे और कुछ मिनट तक भारतीय क्षेत्र में मंडराने के बाद वापस लौट गए। उन्होंने बताया कि राजौरी में एलओसी से सटे नौशेरा सेक्टर की सुरक्षा कर रहे सेना के जवानों ने शाम करीब 6:35 बजे गनिया– कलसियान गांव के ऊपर ड्रोन की गतिविधि देखने पर मध्यम और हल्की मशीनगनों से गोलीबारी की।

## मुंबई महानगरपालिका चुनावः महायुति का वचननामा जारी

### महिलाओं को 5 लाख का स्वंद, झुग्गी–मुक्त मुंबई का वादा

मुंबई। मुंबई महानगरपालिका चुनावों के लिए बीजेपी, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और एनसीपी के गठबंधन श्महायुतिश ने रविवार को अपना चुनावी घोषणापत्र जारी कर दिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे समेत कई बड़े नेता मौजूद थे। गठबंधन ने मुंबईकरों को लुभाने के लिए कई बड़ी योजनाओं का ऐलान किया है। घोषणापत्र में क्या है?: महायुति ने मुंबई के विकास और सुरक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण वादे किए हैं। उनके घोषणापत्र के अनुसार, महिलाओं को अपना काम शुरू करने के लिए 5 लाख रुपये तक का ब्याज–मुक्त लोन दिया जाएगा। शहर को पूरी तरह से झुग्गी–झोपड़ी मुक्त बनाने और बेहतर आवास देने का लक्ष्य रखा गया है। मुंबई में रह रहे अवैध प्रवासियों की पहचान करने के लिए आधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल का इस्तेमाल किया जाएगा। मराठी मानुष की वापसीः उपमुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि जो मराठी लोग मुंबई छोड़कर बाहर चले गए हैं, उन्हें वापस लाने के लिए विशेष योजनाएं बनाई जाएंगी।




सीएम ने विरोधियों पर निशाना साधाः घोषणापत्र लॉन्च के दौरान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उद्धव ठाकरे पर तंज कसते हुए कहा कि महायुति केवल राजनीति नहीं, बल्कि हिंदुत्व और विकास को प्राथमिकता देती है। उन्होंने श्जन्म प्रमाण पत्र घोटालेश का जिक्र करते हुए कहा कि अवैध रूप से रह रहे लोगों के लिए श्डिटेंशन सेंटरश बनाने की जमीन मिल गई है और इस पर तेजी से काम चल रहा है। विकास की गति बढ़ाने का संकल्पः उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि पिछले साढ़े तीन सालों में उनकी सरकार ने मुंबई के लिए जो काम किए हैं, यह घोषणापत्र उसी विकास को आगे बढ़ाने का रोडमैप है।

## अल फलाह यूनिवर्सिटी परिसर को जब्त कर सकती है ईडी

नई दिल्ली। लाल किला क्षेत्र में विस्फोट के बाद जांच एजेंसियों की रडार पर आए फरीदाबाद स्थित अल फलाह यूनिवर्सिटी परिसर को ईडी प्रीवेंशन आफ मनी लांड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत कार्रवाई करते हुए जब्त कर सकती है। ईडी इस बात की जांच कर रही है कि क्या यूनिवर्सिटी के निर्माण के लिए धनराशि कथित तौर पर अपराध की आय से प्राप्त की गई थी।

## ममता हटाओ के नारों से गूंजा कोलकाता, सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में बीजेपी का हल्ला बोल

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ईडी की छापेमारी में राज्य सरकार की कथित दखलअंदाजी के विरोध में भाजपा ने एक बड़ा प्रदर्शन किया।



इस दौरान सुवेंदु अधिकारी ने ममता सरकार पर तीखे हमले किए और इस विरोध प्रदर्शन को जनता की आवाज करार दिया।

ममता बनर्जी पर साधा निशानाः सुवेंदु अधिकारी ने सीधे तौर पर मुख्यमंत्री और राज्य के बड़े पुलिस अधिकारियों को निशाने पर लिया। उन्होंने दावा किया कि बंगाल की जनता चाहती है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी राजीव कुमार और कोलकाता पुलिस कमिश्नर मनोज वर्मा को जेल भेजा जाए। अधिकारी ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी ने केंद्रीय जांच एजेंसी के काम में बाधा डालकर कानून तोड़ा है और संविधान का अपमान किया है। प्रदर्शन के दौरान श्ममता हटाओ–बंगाल बचाओश और भाजपा लाओ–बंगाल बचाओ जैसे नारे गूंजते रहे।

## अमित शाह का केरल में मिशन 2026 का शंखनाद

### बोले:एलडीएफ और यूडीएफ का खेल अब खत्म होगा

तिरुवनंतपुरम। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को केरल में स्थानीय निकायों के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी का लक्ष्य साफ कर दिया। उन्होंने कहा कि केरल में बीजेपी का सफर आसान नहीं था, लेकिन समर्पित कार्यकर्ताओं के दम पर पार्टी ने आज एक मजबूत पहचान बनाई है। शाह ने स्पष्ट किया कि बीजेपी का अंतिम लक्ष्य केवल जीत नहीं, बल्कि केरल में अपनी सरकार बनाना और भाजपा का मुख्यमंत्री लाना है। शाह ने केरल की मौजूदा राजनीति पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्य इस वक्त एलडीएफ और यूडीएफ की मिलीभगत के कारण ठहराव के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दोनों पार्टियों ने बारी–बारी से सत्ता में आकर भ्रष्टाचार करने का गुप्त समझौता कर लिया है। उनके अनुसार, केरल का भविष्य इन दोनों के साथ सुरक्षित नहीं है, क्योंकि वे राज्य की परंपराओं और विकास की रक्षा करने में विफल रहे हैं।



#### शाह ने सुरक्षित केरल का वादा

अमित शाह ने पार्टी की बढ़ती ताकत के आंकड़े पेश करते हुए बताया कि 2014 में बीजेपी का वोट शेयर 11: था, जो 2019 में 16: और 2024 में बढ़कर 20: के पार पहुंच गया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि जिस तरह पार्टी ने दो सीटों से शुरू करके केंद्र में तीसरी बार सरकार बनाई और असम जैसे राज्यों में जीत हासिल की, वही इतिहास केरल में भी दोहराया जाएगा।

#### एलडीएफ और यूडीएफ पर निशाना

गृह मंत्री ने एलडीएफ और यूडीएफ पर निशाना साधते हुए कहा कि ये दल वोटबैंक की राजनीति के कारण एलडीएफ और यूडीएफ जैसे संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करने से डरते हैं। उन्होंने कहा कि केवल बीजेपी ही केरल को ऐसी राष्ट्रविरोधी ताकतों से बचा सकती है। शाह ने तीन तलाक कानून का उदाहरण देते हुए कहा कि विपक्षी दलों ने तुष्टीकरण की नीति के तहत इसका विरोध किया, जबकि बीजेपी श्सभी के लिए न्याय, किसी का तुष्टीकरण नहींश के सिद्धांत पर चलती है।

## ठाणे में पानी की किल्लत, कूड़ाघरों की कमी और अन्य समस्याएं आज भी जस की तसः सुप्रिया सुले

ठाणे। राकांपा (एसपी) की नेता सुप्रिया सुले ने राज्य में सत्तारूढ़ महायुति सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भले ही ठाणे को एक "सभ्य" शहर के रूप में पेश किया जा रहा हो, लेकिन पानी की किल्लत, कूड़ाघरों की कमी और अन्य समस्याएं आज भी जस की तस बनी हुई हैं। नगर निकाय चुनावों से पहले शनिवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) और शिवसेना (उबाठा) के उम्मीदवारों के समर्थन में आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सुले ने ठाणे के विकास के लिए बड़े पैमाने पर धनराशि मंजूर किए जाने के सरकारी दावों पर सवाल उठाए। इस मौके पर राकांपा (एसपी) के विधायक जितेंद्र आव्हाड, पार्टी की ठाणे शहर इकाई के अध्यक्ष मनोज प्रधान, अन्य पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद थे। सुले ने कहा कि ठाणे कभी एक छोटा शहर था, लेकिन राज्य और देश के अलग–अलग हिस्सों से लोग यहां बेहतर जीवन और विकास की उम्मीद लेकर आए, मगर आज उनकी उम्मीदें निराशा में बदल गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ठाणे को "सभ्य" शहर बताया जाता है, लेकिन पानी, कूड़ाघरों की कमी, तथा शिक्षा व स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं अब भी हल नहीं हो पाई हैं।



## हिजाब पर फिर गरमाई सियासत

### पीएम पद को लेकर ओवैसी – हिमंत बिस्वा सरमा में तीखी जंग

एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के एक बयान ने देश में नई राजनीतिक बहस छेड़ दी है। ओवैसी ने इच्छा जताई कि वे एक दिन हिजाब पहनने वाली महिला को भारत के प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं। इस बयान पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने पलटवार करते हुए कहा कि भारत का प्रधानमंत्री श्हमेशा एक हिंदू ही होगाश, जिसके बाद दोनों नेताओं के बीच तीखी बहस शुरू हो गई।

ओवैसी ने क्या कहा था?: यह विवाद तब शुरू हुआ जब ओवैसी ने महाराष्ट्र के सोलापुर में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के संविधान में केवल एक खास धर्म के व्यक्ति को ही पीएम बनने की अनुमति है, लेकिन बाबासाहेब अंबेडकर का संविधान भारत के हर नागरिक को यह मौका देता है। उन्होंने कहा, श्मेरा सपना है कि एक दिन हिजाब पहनने वाली बेटी इस देश की प्रधानमंत्री बने।श



हिमंत बिस्वा सरमा का जवाबः ओवैसी के इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए असम के सीएम ने कहा कि भले ही संविधान किसी को भी पीएम बनने से नहीं रोकता, लेकिन भारत एक हिंदू सभ्यता है। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत का प्रधानमंत्री हमेशा एक हिंदू व्यक्ति ही बनेगा।

ओवैसी का पलटवारः रविवार को ओवैसी ने सीएम सरमा के बयान को श्छोटी सोचश वाला बताया और उन्हें याद दिलाया कि उन्होंने संविधान की शपथ ली है। ओवैसी ने कहा कि संविधान में कहीं नहीं लिखा कि पीएम केवल हिंदू ही हो सकता है।

कांग्रेस ने भी सरमा की आलोचना कीः इस बीच, कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने भी सरमा की आलोचना की। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का उदाहरण देते हुए याद दिलाया कि वे एक सिख थे और 10 साल तक देश के प्रधानमंत्री रहे। मसूद ने कहा कि संवैधानिक पदों पर कौन बैठेगा, यह धर्म तय नहीं कर सकता।

बीजेपी ने ओवैसी को घेराः बीजेपी के अन्य नेताओं ने ओवैसी पर सांप्रदायिक राजनीति करने का आरोप लगाया है। बीजेपी प्रवक्ता प्रकाश रेड्डी ने कहा कि ओवैसी जानबूझकर हिजाब का मुद्दा उठाकर तनाव बढ़ाना चाहते हैं।

## वीबीजी रामजी बिल से रुकेगा हर घोटालाः सिंधिया

नई दिल्ली। केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने आज शिवपुरी में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में संसद द्वारा पारित 'वीबीजी रामजी बिल' के प्रमुख प्रावधानों को विस्तार से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि यह विधेयक माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 21वीं सदी के आत्मनिर्भर भारत के विजन का ठोस परिणाम है, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को पारदर्शिता, दक्षता और स्थायित्व प्रदान करेगा। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने बताया कि नए प्रावधानों के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के दिनों की संख्या में 25 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। अब 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों का रोजगार सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही, राज्य सरकारों को यह लचीलापन दिया गया है कि वे बुवाई जैसे मौसमों में जब कार्य की आवश्यकता कम होती है, रोजगार को समायोजित कर, आवश्यकता के समय अधिक अवसर उपलब्ध करा सकें, ताकि श्रमिकों को समय पर काम मिल सके।

# मनरेगा गरीबों, मजदूरों और ग्रामीण परिवारों के लिए है जीवन रेखा – कांग्रेस जिलाध्यक्ष

## उपवास कार्यक्रम में पूर्व सांसद मोकीम व कोआर्डिनेटर राजन श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी किया सम्बोधित।

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर।कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष काज़ी सुहेल अहमद के नेतृत्व में रविवार को गांधी आश्रम स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष एक दिवसीय उपवास रखकर केन्द्र सरकार से मनरेगा के मूल स्वरूप को बहाल करने की मांग की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष काजी सुहेल अहमद ने कहा कि मनरेगा गरीबों, मजदूरों और ग्रामीण परिवारों के लिए जीवन रेखा है। केन्द्र सरकार द्वारा इसमें किये जा रहे बदलावों से योजना की आत्मा को कमजोर किया जा रहा है, जिससे करोड़ों ग्रामीणों का रोजगार और आजीविका संकट में पड़ गई है। कांग्रेस पार्टी मनरेगा को कमजोर करने की हर साजिश के खिलाफ संघर्ष जारी रखेगी। पूर्व सांसद मोहम्मद मोकीम ने कहा कि मनरेगा महात्मा गांधी के आत्मनिर्भर भारत के सपने का जीवन्त उदाहरण है। यह योजना गरीब को सम्मान के साथ काम और रोजी देने का अधिकार देती है। उन्होंने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार जानबूझकर बजट में कटौती कर और भुगतान में देरी कर इस योजना को कमजोर कर रही है, जिसे कांग्रेस किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। मनरेगा कोआर्डिनेटर राजन श्रीवास्तव ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं बल्कि ग्रामीण भारत के लिए सुरक्षा कवच है। उन्होंने कहा कि आज महंगाई और बेरोज़गारी के दौर में मनरेगा को कमजोर करना गरीबों पर सीधा हमला है। कांग्रेस पार्टी सड़क से संसद तक मनरेगा की रक्षा के लिए संघर्ष करेगी और इसकी मूल भावना को बहाल कराने तक आन्दोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित सिंह, .ष्ण बहादुर सिंह, सतीश चन्द्र त्रिपाठी, गालिब बिसेन, अनिल सिंह अन्नू, सादिक अहमद, पंकज चतुर्वेदी, इश्तियाक चौधरी, अकील अहमद मुन्नू, अश्विनी सिंह सोलंकी, रियाज मनिहार, सन्तोष त्रिपाठी, मोबीन खान, मुकेश चौबे, होरी लाल श्रीवास्तव, रितेश त्रिपाठी, रियाजउद्दीन राईनी, गुल मोहम्मद, मतिऊल्लाह खान, डॉ0 प्रमोद कुमार, शौकत अली, राधे कुंवर, गुल मोहम्मद, अनिल, जुबैर खान, विज्ञानी बाबा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# ठेकेदारों और कर्मचारियों के मिलीभगत सुराही नदी पुल के पास अवैध रूप से कराई जा रही मिट्टी खुदाई

पूजा गुप्ता/
दैनिक बुद्ध का संदेश

कपिलवस्तु/नेपाल।पड़ोसी देश नेपाल के हलाक राजमार्ग अन्तर्गत कपिलवस्तु के बहादुरगढ़–रामनगर सड़क खण्ड पर स्थित सुराही खोला पुल के निर्माण स्थल पर गम्भीर लापरवाही और अवैध रुप में मिट्टी खुदाई करने का मामला प्रकाश में आया है। आपको बता दें कि श्री सपना/जय बागेश्वरी माता संयुक्त उद्यम, जो पुल की गैबियन दीवार के निर्माण के लिए जिम्मेदार थे, ने नवनिर्मित पुल के स्तम्भों के पास अवैध रूप से मिट्टी खोदाई कर गैबियन दीवार के समीप दबा दिया। वहीं स्थानीय लोगों के मुताबिक ठेकेदार ने कपिलवस्तु स्थित डाक राजमार्ग कार्यालय के सम्बन्धित कर्मचारियों के मिलीभगत से मिट्टी खुदाई का कार्य किया है, जिससे पुल की संरचना कमजोर हो गई है और आस–पास के किसानों की .षि भूमि को सीधा नुकसान पहुंचा है। ठेकेदार ने डाक राजमार्ग कार्यालय से एक पत्र दिखाकर गणेशपुर क्षेत्र पुलिस कार्यालय के पुलिस निरीक्षक महेश आचार्य को प्रभावित करके अवैध खुदाई जारी रखी। कपिलवस्तु डाक राजमार्ग कार्यालय के मुख्य अभियन्ता होम बहादुर ए0सी0 से सम्पर्क करने पर उन्होंने बताया कि ढलान के दौरान पुल के फर्श और छत पर मिट्टी के ढेर लगा दिये गये थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि पत्र केवल मिट्टी हटाने और जलमार्ग को साफ करने के लिए लिखा गया था और बताया कि वह स्वयं मौके पर जाकर निरीक्षण करेंगे। वहीं उसी कार्यालय के कर्मचारी सुरेन्द्र चौधरी के मुताबिक कार्यालय प्रमुख ने मौके पर निरीक्षण के बाद पुष्टि की थी कि ठेकेदार ने अवैध रूप से खुदाई की है और उन्हें तुरन्त उस जगह को पहले जैसी स्थिति में भरने का निर्देश दिया था। हालांकि ठेकेदार ने उसी दिन मिट्टी भरने का वादा किया था, लेकिन ऐसा लगता है कि निर्देशों और आश्वासनों का व्यवहार में पालन नहीं किया गया है। इस खबर के लिखे जाने तक अवैध रूप से खोदी गई मिट्टी को भरा नहीं गया है। स्थानीय निवासी सद्दाम शाह के मुताबिक जलमार्ग की सफाई के बहाने ठेकेदार ने सरकारी नीति के विपरीत अवैध रूप से मिट्टी खोदी है। उन्होंने आरोप लगाया भी लगाया कि पहले सड़क के कटाव को रोकने के लिए बनाई गई दीवार में घटिया ईंटों का इस्तेमाल किया गया था और पुल के पास से निकाली गई मिट्टी को खोदकर उसमें दबा दिया गया था। पुल के पास रहने वाले निवासियों की शिकायत है कि इस प्रकार के अवैध खनन से राज्य को राजस्व का नुकसान हो रहा है और पुल कमजोर हो रहा है। बाढ़ के दौरान आस–पास के किसानों के खेत नष्ट हो रहे हैं और बाढ़ का खतरा बढ़ रहा है। स्थानीय निवासी नान बाबू कोरी के मुताबिक कपिलवस्तु में ठेकेदारों और सरकारी कर्मचारियों की मिलीभगत से इस तरह के अवैध उत्खनन और निर्माण कार्यों में घोर लापरवाही आम बात होती जा रही है, लेकिन उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया है।



# चौपाल में ग्रामीणों ने पूछा पंचायत भवन का कम्प्यूटर है कहां ?

## चौपाल में उजागर हुई अव्यवस्थाएं, बयानों में विरोधाभास

दैनिक बुद्ध का संदेश

चिल्हियां/सिद्धार्थनगर।विकास खण्ड बर्डपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत बजहां में आयोजित चौपाल उस समय हंगामेदार हो गई, जब ग्रामीणों के सम्मुख पंचायत भवन से जुड़ी गम्भीर अव्यवस्थाएं खुलकर सामने आ गईं। चौपाल में पहुंचे ग्रामीणों ने पंचायत भवन की बदहाल स्थिति और ऑनलाइन कार्य व्यवस्था ठप होने को लेकर खुला विरोध दर्ज किया। ग्रामीणों का कहना था कि पंचायत भवन का निर्माण इस उद्देश्य से किया गया था कि गांव स्तर पर ही बैठकों के माध्यम से समस्याओं का समाधान हो और सभी ऑनलाइन कार्य यहीं सम्पन्न हो, लेकिन लाखों रुपये की लागत से बना यह भवन आज ग्रामीणों के लिए अनुपयोगी साबित हो रहा है। ऑनलाइन कार्यों के लिए ग्रामीणों को निजी दुकानों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे उन्हें समय और धन दोनों की हानि उठानी पड़ रही है। ग्रामीण रामू ने आरोप लगाया कि पंचायत भवन से कम्प्यूटर गायब है और यह स्पष्ट नहीं है कि वह आखिर कहां है। उन्होंने कहा कि पंचायत भवन से कभी ऑनलाइन कार्य नहीं होता। साथ ही शौचालय की दुर्दशा पर सवाल उठाते हुए बताया कि पानी की आपूर्ति नहीं होने और टंकी क्षतिग्रस्त होने के कारण महिलाओं को शौच के लिए बाहर जाना पड़ता है। वहीं अहमद अली ने बताया कि पंचायत भवन अधिकांश समय बन्द रहता है और केवल औपचारिक कार्यक्रमों के दौरान ही खोला जाता है। ऑनलाइन कार्यों के नाम पर ग्रामीणों को निजी दुकानों पर भेज दिया जाता है। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि पंचायत का कम्प्यूटर निजी उपयोग में लिया जा रहा है। चौपाल के दौरान पंचायत सहायक मोहम्मद नसीम ने दावा किया कि पंचायत भवन में कम्प्यूटर मौजूद है, लेकिन नेटवर्क की समस्या के चलते वह चौराहे से कार्य करते हैं। हालांकि मौके पर कम्प्यूटर कक्ष में केवल बन्द पड़ा यूपीएस, खराब बैटरी और दबा हुआ फर्श ही नजर आया, जिससे उनके दावे पर सवाल खड़े हो गये। पंचायत सचिव मनोहर लाल बरनवाल ने नेटवर्क समस्या स्वीकार करते हुए वाई–फाई लगवाकर पंचायत भवन से कार्य शुरू कराने की बात कही। वहीं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अजहर हुसैन ने कहा कि कम्प्यूटर जहां भी है, सुरक्षित है, जबकि पंचायत सहायक का कहना है कि वह मोबाइल से ऑनलाइन कार्य करते हैं और कम्प्यूटर पंचायत भवन के दूसरे कक्ष में रखा है। दोनों बयानों में स्पष्ट विरोधाभास सामने आने से ग्रामीणों की नाराजगी और गहरी हो गई।मामले पर खण्ड विकास अधिकारी ओम प्रकाश यादव ने स्पष्ट कहा कि पंचायत भवन की स्थिति जर्जर है और कम्प्यूटर वहां सुरक्षित नहीं है, चोरी की आशंका बनी रहती है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब पंचायत भवन ही उपयोग योग्य नहीं है, तो लाखों रुपये खर्च कर इसके निर्माण का औचित्य क्या रह जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि कम्प्यूटर का निजी उपयोग कहीं न कहीं किया जा रहा है, जो सरकारी धन के दुरुपयोग की ओर इशारा करता है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गम्भीर मामले पर क्या ठोस कार्रवाई करता है या पंचायत भवन की अव्यवस्थाएं यूं ही फाइलों में दबी रह जायेगी।




# तालकुण्डा गांव बना विकास के नाम पर भ्रष्टाचार का कुण्ड

## ग्राम प्रधान, सचिव, जेई व ठेकेदार के आपसी गठजोड़ से गांवों में विकास के नाम पर कुछ लोगों के निजी खातों व फर्म के नाम पर सरकारी धन का बन्दरबांट।

दैनिक बुद्ध का संदेश

बढ़नी/सिद्धार्थनगर।सरकार की लाख कोशिशों के बावजूद ग्राम पंचायतों में विकास के नाम पर भ्रष्टाचार रुकने का नाम नही ले रहा है। सूत्रों की मानें तो विकास खण्ड बढ़नी क्षेत्र में कई ऐसे ग्राम पंचायत है, जहां ग्राम प्रधान, सचिव एमबी करने वाले जेई व ठेकेदार के आपसी गठजोड़ से सरकारी धन का बन्दरबांट किया जा रहा है। वहीं चुनाव नजदीक आते ही चुनाव लड़ने वाले लोग भी सक्रिय हो गये है और पिछले पांच वर्षों में होने वाले विकास कार्यों पर नजर बनाये हुए हैं। जिन ग्राम पंचायतों में अनियमितता हुई है और विकास के नाम पर सरकारी धन का बन्दरबांट किया गया है। उसकी भी पोल अब मीडिया के माध्यम से खुलने लगी है।आपको बता दें कि ग्राम पंचायत गनेशपुर, लोहटी, खैरी झुंगहवा, धनौरा मुस्तहकम, पिकौरा, जुगडिहवा, सिहोरवा, मदरहिया, रोईनिहवा, बैदौली, गोल्हौरा, शिवभारी, खैरी शीतल, चन्दई, पचउध, पड़रिया, चन्दवा, धन्धरा, चम्पापुर आदि ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव, तकनीकी सहायक समेत अन्य अधिकारियों की मिलीभगत से मनरेगा, पंचायत निधि और अन्य विकास कार्यों में भारी अनियमितता व हेरफेर कर धांधली करने का मामला प्रकाश में उजागर हो रहा है। सूत्रों की मानें तो विकास खण्ड बढ़नी क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत तालकुण्डा के पंचायत भवन में लाइब्रेरी, इन्टरलाकिंग, मिट्टी कार्य, नाली, खड़न्जा, कूप मरम्मत, स्कूल, आंगनबाड़ी, आरोग्य मंदिर, एनएम सेन्टर, दवा छिड़काव, साफ सफाई, आरसी सेन्टर, नाली ढक्कन आदि विकास के नाम पर ग्राम प्रधान व सचिव ने निर्माण कार्यों में वास्तविक खर्च से कहीं अधिक भुगतान व अनियमितता कर सरकारी धन का बन्दरबांट किया गया है। वहीं कुछ ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में होने वाले इन विकास कार्यों की जांच होनी चाहिए।




# नगर पंचायत शोहरतगढ़ कस्बे के श्रीराम जानकी मंदिर में हिन्दू सम्मेलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## सनातन सुरक्षित करने को हिन्दूओं का जगना जरूरी : जिला प्रचारक

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ कस्बे के श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में रविवार की दोपहर हिन्दू सम्मेलन समिति की ओर से विशाल हिन्दू सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक विशाल ने कहा कि सनातन को सुरक्षित करने के लिए हिन्दूओं का जगना जरूरी है। हिन्दू जगेगा, तभी विश्व जगेगा। उन्होंने कहा कि जो देश के लिए जीना सीखे वही हिन्दू है। सनातन को मानने वाला ही हिन्दू है। धर्म केवल एक है सनातन धर्म, शेष पंथ हैं। वर्तमान समय ऐसा है कि हिन्दू समाज को जगने की आवश्कता है। हिन्दू स्वार्थ की भावनाओं में जी रहा है। जिला प्रचारक ने कई उदाहरण देते हुए बताया कि संघ शताब्दी वर्ष मना रहा है। शताब्दी वर्ष के चरणबद्ध कार्यक्रम चल रहे हैं। वर्तमान समय में हिन्दू समाज की खोई हुई शक्तियों को जगाने के लिए जगह–जगह हिन्दू सम्मेलन हो रहा है। इससे समाज के भीतर जागरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सनातन संस्कृति कहती है कि दूसरो को दुख देना गलत है, सुख देना हमारा परम कर्त्तव्य है। हम सभी को अपनी सनातन संस्कृति के अनुसार ही कार्य करना चाहिए। सनातन मजबूत होगा तभी भारत आगे बढ़ेगा। आज हिन्दूओं के जगने का ही परिणाम है कि 500 वर्ष की लड़ाई जीत कर प्रभु राम को मंदिर में विराजमान किया गया है। यह सनातन की ताकत है। समय की मांग है कि अंहकार, क्रोध, निन्दा, ईर्ष्या छोड़कर सभी लोग संगठित हों। कार्यक्रम की अध्यक्षता व्यवसायी शिवकुमार अग्रवाल व संचालन भाजपा मण्डल अध्यक्ष शिवशक्ति शर्मा ने की। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्जवलन व पुष्प अर्पण के साथ हुआ। इस दौरान स्थानीय संगीतकार पप्पू लख्खा की टीम ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में अखिलेश वर्मा, विष्णु बुबुना, चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, अभय प्रताप सिंह, आनन्द कसौधन, ऋषि वर्मा, श्याम कसौधन, सोनू निगम, सूरज निगम, हर्षित कसौधन, अंकित गुप्ता, गौरव शर्मा, राजकुमार मोदनवाल आदि मौजूद रहें।




# माता पिता एवं पूर्वजों के याद में जरूरत मंदो की मदद करना पूनीत कायर्र- दुर्गेश राय

कुशीनगर। जनपद के तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के बसडीला पाण्डेय गांव निवासी शिक्षक स्व0 रामनरेश पाण्डेय के 12 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा में कंबल वितरण, सहभोज का आयोजन किया गया। रविवार को ग्राम पंचायत बसडीला पाण्डेय में विगत वर्षो के भांति इस वर्ष भी भार्गव भवन परिसर में प्रधान प्रतिनिधि सत्येन्द्र कुमार पाण्डेय ने अपने पिताश्री व आदर्श शिक्षक स्व0 रामनरेश पाण्डेय के 12 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा मे मशहूर कवि बादशाह प्रेमी के कविताओं ने समाँ बाध दिया तथा ग्राम प्रधान श्रीमती माधुरी पाण्डेय ने जरूरतमंद लोगों को ठंडक से बचने के लिए कम्बल वितरण किया। श्रद्धांजलि सभा को मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय व सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मुहम्मद इलियास अंसारी ने सम्बोधित करते हुए माता–पिता, पूर्वजों के याद में जरूरत मंदो की सेवा नेक एवं पुनीत कार्य बताया। कार्यक्रम में समाजसेवी चन्द्रशेखर यादव लड्डू, राज्यपाल द्वारा सम्मानित शिक्षक, पत्रकार सुनील कुमार तिवारी, प्रधान नागेन्द्र सिंह, अजय नाथ तिवारी, फुल कुंवर यादव, भाजपा महिला नेत्री विंध्यवासिनी मिश्रा, रानी शुक्ला आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। सभा का संचालन भाजपा मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा व सभी अतिथियों का स्वागत आभार ओमप्रकाश पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर डा0 एस के यादव, डॉ निशांत मिश्रा, प्रधान खुर्शीद आलम, वीरेन्द्र सिंह, रामेश्वर यादव, अभिषेक लड्डू यादव, विनोद सिंह, एडवोकेट विवेक पाण्डेय, सपा महासचिव ग्यासुद्दीन, राजेश्वर शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# चोरी की घटना का पुलिस ने किया खुलासा, 3 अभियुक्तगिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

कुशीनगर। जनपद के सेवरही पुलिस ने चोरी की घटना का अनावरण कर चोरी का नकद कुल 41,430– भारतीय रुपये, नकद 730– नेपाली रुपये, चोरी में प्रयुक्त किया गया एक लोहे का राड, तीन अदद स्मार्ट मोबाइल फोन व 02 अदद मोटरसाइकिल के साथ 03 अभियुक्तो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसपी मीडिया सेल से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि जनपद में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 11जनवरी दिन रविवार को सेवरही पुलिस ने मु0अ0सं0 005/2026 धारा 331(4),305,317(2) बीएनएस से संबन्धित 03 वांछित अभियुक्तों को चोरी का नकदी कुल 41,430/– भारतीय रुपये, नकद 730– नेपाली रुपये, चोरी में प्रयुक्त किया गया एक लोहे का राड, तीन अदद स्मार्ट मोबाइल फोन व 02 अदद मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में राकिब पुत्र नसीम निवासी वार्ड न0 05 सफा कालोनी थाना कैराना जनपद शामली उ0प्र0, नदीम पुत्र हारून निवासी वार्ड न0 05 सफा कालोनी थाना कैराना जनपद शामली उ0प्र0, मौसम पुत्र गयुर निवासी वार्ड न0 05 सफा कालोनी थाना कैराना जनपद शामली उ0प्र0 शामिल है।

# अपनी रक्षा के लिए एकजुट हो हिन्दू समाज

**संवाददाता**

चौरीचौरा गोरखपुर। नगर पंचायत चौरीचौरा के मंगल भवन में रविवार को आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। हिन्दू सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि आरएसएस के सह प्रांत कार्यवाह वीरेंद्र ने कहा कि हिन्दू समाज के रक्षा के लिए हिंदुओं को एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा कि हिन्दू अपने समृद्धि और विकास के लिए जो कुछ भी कर रहा है यदि उसको बचाने के लिए वह एकजुट नहीं हुआ तो कल को उसे कोई भी बचा नहीं पाएगा। वेनेजुएला का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि केवल आर्थिक विकास ही किसी की सुरक्षा की गारंटी नहीं हो सकता है। सम्मेलन को धर्माचार्य प्रेमचंद्र तिवारी, नगर संघचालक विजय शंकर ,आयोजन समिति के अध्यक्ष अमित जायसवाल ,संघ के जिला कार्यवाह राजन मद्धेशिया जिला प्रचार प्रमुख अरुण कुमार सिंह सह जिला कार्यवाह विकास कुमार ,अरविंद कुमार, तारकेश्वर जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

# 83 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ दो अन्तर्राज्जीय शराब तस्कर गिरफ्तार, भेजे गए जेल

कुशीनगर,। जनपद के पडरौना कोतवाली पुलिस ने अन्तर्राज्यीय शराब तस्करी गैंग का पर्दाफाश कर 01 अदद ट्रक वाहन में छिपाकर तस्करी कर बिहार हेतु ले जाए जा रहे कुल 83 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब हरियाणा निर्मित रायल स्टेग ब्राण्ड, वाहन सहित कुल कीमत लगभग 23 लाख रुपये के साथ 02 शराब तस्करो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसपी मीडिया सेल से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन में जनपद में अपराध। एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत जिले में अवैध शराब की बिक्री, निष्कर्षण, परिवहन के विरुध्द चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 11 जनवरी दिन रविवार को पडरौना कोतवाली पुलिस टीम ने 01 वाहन ट्रक संख्या बीआरओ 1 जी क्यू 5551 से कुल 83 पेटी हरियाणा निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब रायल स्टेट ब्रांड के साथ 2 अभियुक्त मिट्ठू कुमार पुत्र राजेश्वर साहनी ग्राम फंदा विशुनपर थाना कर्जा जिला मुजफ्फरपुर बिहार, सुधीर कुमार पुत्र विनोद यादव साकिन भमपुरा थाना जाले जनपद दरभंगा बिहार को गिरफ्तार किया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर पुलिस टीम ने स्थानीय थाना पर मु0अ0सं0 21/2026 धारा 60/63/72 आबकारी अधिनियम व 111(2) (बी) बीएनएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

पुलिसिया पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम लोगो का एक संगठित गिरोह है। हम लोग हरियाणा राज्य से उक्त शराब को सस्ते दामों पर शराब को खरीदकर व ट्रक में छिपाकर तस्करी करते है व उक्त शराब को आर्थिक भौतिक लाभ प्राप्त करने के लिये बिहार राज्य में ऊंचे दामों पर बेंच देते है।बरामदगी, गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह, उ0नि0 प्रदीप कुमार चौकी प्रभारी बांसी, हे0का0 विजय किशोर सिंह, का0 राजेश यादव, का0 चन्दन यादव, का0 गोविन्द यादव, का0 अमरेन्द्र नाथ सिंह शामिल रहे।

# अलीगढवा टीम ने पल्टादेवी टीम को 14 रनों से हराया

दैनिक बुद्ध का संदेश

खुनुवां/सिद्धार्थनगर।विकास खण्ड शोहरतगढ़ के ग्राम पंचायत लुचुईया के नड़ौरा गांव में नड़ौरा प्रीमियर लीग–2026 के बैनर तले जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेन्ट का भव्य आयोजन रविवार को किया गया। क्रिकेट टूर्नामेन्ट के मुख्य अतिथि जिसका एमएलसी प्रतिनिधि व प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष डॉ0 पवन मिश्रा ने फीता काटकर उदघाटन किया, जबकि विशिष्ट अतिथि उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ विवेकानन्द मिश्रा रहे। नड़ौरा प्रीमियर लीग–2026 के आयोजक अंशिका फर्टिलाइजर एण्ड ट्रेडर्स चोड़ार चौराहा के विवेक कुमार उपाध्याय के साथ डा0 पवन मिश्रा ने कहा कि इस प्रकार के क्रिकेट टूर्नामेन्ट के आयोजन आपसी भाईचारे, सद्भाव को बढ़ावा देते हैं और युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ विवेकानन्द मिश्रा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल से दिल और दिमाग दोनों स्वस्थ होता है। इसलिए समय–समय पर खेल का आयोजन होना चाहिए।क्रिकेट टूर्नामेन्ट के दौरान अलीगढ़वा कप्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। पहला क्रिकेट टूर्नामेंट मैच अलीगढ़वा व पल्टादेवी के बीच खेला गया। अलीगढ़वा टीम के कप्तान ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला



किया। पहले बल्लेबाजी करते निर्धारित अलीगढ़वा टीम ने 12 ओवरों में 118 रन बनाए। टीम की ओर से अरमान ने 15 गेंदों पर महत्वपूर्ण रन बनाए, जबकि इस्माइल ने 22 गेंदों में 1 छक्का और 2 चौकों की मदद से तेजतर्रार पारी खेली। पल्टादेवी की ओर से गेंदबाजी में उमेर और पचिराना ने 2–2 विकेट झटके। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी पल्टादेवी की टीम संघर्ष के बावजूद 106 रन ही बना सकी। टीम की ओर से दीपक ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 24 गेंदों पर 60 रन की विस्फोटक पारी खेली, लेकिन वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। अलीगढ़वा की ओर से अरमान ने शानदार ऑलराउण्ड प्रदर्शन करते हुए 2 विकेट भी हासिल किएये और अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। उनके इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट के आयोजक विवेक कुमार उपाध्याय एवं टीम के अध्यक्ष अमित कुमार उपाध्याय दोनों टीमों का हौसला बढ़ाते हुए गांव के पूर्व प्रधान श्रवण कुमार उपाध्याय के हाथ से मैन आफ द मैच पुरस्कार दिलवाया। मैच को देखनें के लिए दर्शकों से पूरा मैदान भरा हुआ था। इस अवसर पर संजय मिश्रा, लड्डू उपाध्याय, विजय पाल, राजेश शुक्ला, संदीप, मोनू, अभिषेक, रोहित, निलेश, साइराज, सुन्दरम, रघुनाथ, हिमांशु, स्कन्द, सुभाष, निखिल सहित तमाम क्रिकेट प्रेमी उपस्थित रहें।

# गरीब, मरीजों में कम्बल,फल वितरित कर मनाया ,बेटी का जन्म दिन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। आज के दौर में जन्म दिन मनाना शौक हो गया है। जिसमें लोग केक काट जश्न मना कर बधाई देते है। वही जनपद के सीमा क्षेत्र महराजगंज में तैनात एसएसबी उमेश कुमार पत्नी रीनू कुमारी पुलिस में तैनात है। ये दोनों अपने पुत्री की जन्म दिवस सामाजिक जिम्मेदारी समझते हुए, अनाथ,गरीब, अस्पताल में जरूरत मंद को



कम्बल, स्वेटर, फल, सहित अन्य सामग्री वितरित करके अपने पुत्री स्नेहा का जन्म दिवस मनाया। जिससे यह संदेश जाता है कि,हर उन लोगों की जिम्मेवारी बनती है। कि ऐसे खुशी के मौके पर अपने नचदीक रहने वाले गरीब असहाय, मरीज की मदद कर खुशी बांटे। ऐसे पुनीत कार्य करने से उनकी शुभकामनाएं अपने बच्चों के साथ रहेगी।

# सांसद जगदम्बिका पाल ने करौंदा नानकार व कोटिया दीगर में बांटा कम्बल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर।कड़कड़ाती ठण्ड को देखते हुए जनहित के प्रति संवेदनशीलता का परिचय देते हुए डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद जगदम्बिका पाल ने रविवार को शोहरतगढ़ विधान सभा क्षेत्र के मां गायत्री देवी इन्टर कॉलेज करौंदा नानकार व कोटिया दीगर सहित कपिलवस्तु विधान सभा क्षेत्र के विकास खण्ड उसका बाजार के बैकनिहा गांव में ठण्ड से बचने के लिए सैकड़ों निरूसहाय एवं जरूरतमन्द लोगों के बीच कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कम्बल वितरण करते हुए सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा हमारे खून का एक–एक कण आपके लिए है। आप के सुख–दुःख में आपका बेटा बनकर आपकी सेवा करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि ठण्ड के मौसम में गरीब, असहाय एवं वंचित वर्ग की सहायता करना हम सबका नैतिक दायित्व है। केन्द्र व प्रदेश सरकार समाज के अन्तिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति




तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। कम्बल पाकर लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। स्थानीय लोगों ने लोकप्रिय सांसद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सहयोग से ठण्ड के दिनों में उन्हें बड़ी राहत मिलती है। वहीं कम्बल वितरण कार्यक्रम में सच्चिदानन्द पाण्डेय, सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेन्द्र पाण्डेय, एमएलसी प्रतिनिधि व प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष डॉ0 पवन मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष राकेश कुमार आर्य, चेयरमैन प्रतिनिधि शोहरतगढ़ रवि अग्रवाल, चेयरमैन प्रतिनिधि उसका बाजार हेमन्त जायसवाल, सांसद प्रभारी शोहरतगढ़ सूर्य प्रकाश पाण्डेय, मनोज चौबे, पंकज चौबे, पद्माकर शुक्ला, बबलू चौबे, अनूप सिंह बागी, रिंकू सिंह, मुरारी सिंह, प्रदीप कुमार, नायब तहसीलदार विजय कुमार श्रीवास्तव, सेक्टर संयोजक आशीष सिंह, उमेश सिंह, विनय सिंह उर्फ पुतुल्ले, एडीयो पंचायत जितेन्द्र मद्धेशिया, राजू पासवान, विनोद पासवान, सुभाष पासवान, लालता प्रसाद, त्रिलोकी प्रसाद, जयन्ती प्रसाद चौरसिया, बीडीसी संघ जिलाध्यक्ष रणजीत सिंह, आसनरायण सिंह, मुन्ना लाल गौड़, गणेश चौरसिया सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# भारत–नेपाल बार्डर खुनुवां पर एसएसबी के जवानों ने की छापेमारी

## नेपाली युवक सहित तुर्की मक्का, यूरिया खाद, साइकिल व बाइक किया जब्त

पूजा गुप्ता/

दैनिक बुद्ध का संदेश

खुनुवां/सिद्धार्थनगर।सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) 43वीं वाहिनी के जवानों ने ने भारत–नेपाल बार्डर पर तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए रविवार को तुर्की का मक्का, यूरिया खाद, साइकिल और मोटरसाइकिल सहित भारी मात्रा में अवैध सामान जब्त किया गया। इस दौरान एक नेपाली नागरिक को भी गिरतार किया गया है। आपको बता दें कि 43वीं वाहिनी की सीमा चौकी खुनुवां के जवान सीमा स्तंभ संख्या 556/1 के पास नाका ड्यूटी पर थे। उन्होंने कुछ लोगों को खेतों के रास्ते साइकिलों पर सामान लादकर नेपाल से भारत आते देखा। वहीं एसएसबी टीम को देखते ही तस्कर साइकिलों और सामान को छोड़कर नेपाल की ओर भाग गये।



एसएबी जवानों ने मौके पर छोड़े गये सामानों की जांच की, जिसमें चार साइकिलों पर लदी कुल 19 बोरी तुर्की का मक्का बरामद हुआ। एसएसबी ने सभी 19 बोरी मक्का और चारों साइकिलों को जब्त कर आवश्यक कागजी कार्रवाई किया।

जब्त सामान को सीमा शुल्क कार्यालय खुनुवां को सौंप दिया गया। इसी क्रम में सीमा चौकी ककरहवा के जवानों ने गश्त के दौरान सीमा स्तम्भ संख्या 543/1 के पास एक और कार्रवाई किया। एसएसबी ने भारत से नेपाल ले जायें दो बोरी यूरिया खाद और एक मोटरसाइकिल के साथ एक नेपाली नागरिक को दबोचा। वहीं पूछताछ में आरोपी की पहचान शिवनारायण यादव पुत्र सुभाष यादव निवासी ग्राम बंजरही पोस्ट बंजरही जिला रुपन्देही (नेपाल) के रूप में हुई। वह बरामद खाद से सम्बन्धित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। एसएसबी की गश्ती टीम ने दो बोरी यूरिया खाद और मोटरसाइकिल जब्त कर लिया और आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद आरोपी को सीमा शुल्क कार्यालय ककरहवा को सौंप दिया। एसएसबी अधिकारियों के मुताबिक 43वीं वाहिनी भारत–नेपाल बॉर्डर पर तस्करी, मानव तस्करी, नशीली दवाओं, अवैध मुद्रा और वन्य जीवों से जुड़े अपराधों की रोकथाम के लिए लगातार अभियान चला रही है। इन प्रयासों से सीमा पर अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा रहा है और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही

# डीएम ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान-2025 के अन्तर्गत विधालयों का किया निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर।विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान–2025 के अन्तर्गत तहसील नौगढ़ के जय किसान इन्टर कालेज सकतपुर सनई तथा मार्डन प्राइमरी स्कूल करौंदा मसिना का रविवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी0एन0 द्वारा बीएलओ को निर्देश दिया कि 01.01.2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे अर्ह मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ें। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में छूटे हुए मतदाताओं का नाम भी मतदाता सूची में जोड़ने हेतु आवश्यक प्रपत्र लेकर आवश्यक कार्यवाही करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होना चाहिए। भारत निर्वाचन आयोग की बेवसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।



# जिलाध्यक्ष शैलेश कुमार दुबे की अध्यक्षता में अखण्ड हिन्दू वाहिनी की बैठक हुई सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर।अखण्ड हिन्दू वाहिनी सिद्धार्थनगर की बैठक रविवार को जिला अध्यक्ष शैलेश कुमार दुबे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेश सचिव उ0प्र0 अखण्ड हिन्दू वाहिनी लोकेश्वर नाथ उर्फ संजय पाण्डेय ने बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों से संगठन विस्तार के लिए बड़े स्तर पर सदस्यता अभियान चलाकर अधिक लोगों को संगठन में जोड़ने का प्रयास करने को कहा। साथ ही अपने हिन्दू समाज के ऊपर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर दिया। जिला अध्यक्ष शैलेश दूबे संगठन की सक्रियता के लिए हर तहसील में मासिक बैठक करने का विचार व्यक्त किया। वहीं बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने अभी हाल ही में बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार पर कड़ी निन्दा करते हुए केन्द्र सरकार से बांग्लादेश में रह रहे हिन्दुओं के सुरक्षा के उपाय करने की मांग किया। बैठक का संचालन जिला प्रचारक सुशील दुबे ने किया। बैठक में अवधेश कुमार, एकादशी, हरीनाथ, पवन कुमार, सन्तोष शुक्ला, आकाश मणि, सौरभ तिवारी तहसील अध्यक्ष डुमरियागंज सहित अनेक पदाधिकारियों उपस्थित रहें।



# सांसद जगदंबिका पाल ने बकैनिया गाँव में किया कंबल वितरण

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार, सिद्धार्थनगर।कड़ाके की ठंड को देखते हुए डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल ने रविवार को उसका विकास खंड के ग्राम पंचायत बकैनिया में जरूरतमंद एवं असहाय लोगों






में कंबल वितरण किया। कार्यक्रम को लेकर सांसद पाल ने कहा कि ठंड के मौसम में गरीब, असहाय एवं वंचित वर्ग की सहायता करना हम सबका नैतिक दायित्व है। केंद्र व प्रदेश सरकार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।कंबल पाकर लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। स्थानीय लोगों ने सांसद पाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सहयोग से ठंड के दिनों में उन्हें बड़ी राहत मिलती है। कार्यक्रम में सच्चिदानंद पांडे, सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल, भाजपा नेता चिनकू यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र पांडे, मंडल अध्यक्ष राकेश कुमार आर्य, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हेमंत जायसवाल, अनूप सिंह बागी, रिंकू सिंह, मुरारी सिंह, प्रधान प्रतिनिधि प्रदीप कुमार, नायब तहसीलदार विजय कुमार श्रीवास्तव, सेक्टर संयोजक आशीष सिंह, उमेश सिंह, ऐडियो पंचायत जितेंद्र मद्धेशिया, राजू पासवान, विनोद पासवान, सुभाष पासवान, लालता प्रसाद, त्रिलोकी प्रसाद, जयंती प्रसाद चौरसिया, बीडीसी संघ जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह, सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

# नपा बांसी के मैरेज हाल के मरम्मत पर 22 लाख का हुआ बन्दरबांट, जांच की मांग

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी/सिद्धार्थनगर। नगर पालिका परिषद बांसी में करोड़ों रुपये की लागत से वर्षों पहले बने माघ मेला स्थित बृजभूषण मैरेज हाल की मरम्मत के नाम पर लाखों रुपये खर्च कर दिये गये, लेकिन हालात आज भी खण्डहर जैसे बने हुए हैं। आपको बता दें कि नगर पालिका परिषद बांसी द्वारा कराई गई तथाकथित मरम्मत केवल कागजों में हुई है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही बयान कर रही है। वहीं जमीनी हकीकत चौंकाने वाली प्रकाश में आयीं है। बृजभूषण मैरेज हाल की स्थिति आज भी बदतर बनी हुई है। दीवारों में बड़ी–बड़ी दरारें, टूटी टाइलें, धंसा हुआ फर्श व चारों तरफ गन्दगी का अम्बार एवं झांक रहे छत से लोहे के सरिए और सीमेन्ट झड़कर नीचे गिर रहा है। वहीं लाखों की मरम्मत के बावजूद यह भवन किसी भी समय जानलेवा हादसे का कारण बन सकता है। सूत्रों के मुताबिक बृजभूषण मैरेज हाल के निर्माण और मरम्मत के नाम पर टेण्डर प्रक्रिया के जरिये लगभग 22 लाख रुपये की बन्दरबांट की गई, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। अब यह सवाल उठता है कि मरम्मत के नाम पर धन गया कहां और काम हुआ कहां? नगर पालिका परिषद लूट का अड्डा बना हुआ है और वर्षों से चल रही खाऊ–कमाऊ नीति के कारण नगर का विकास पटरी से उतर गया है। बड़े–बड़े प्रोजेक्ट सिर्फ फाइलों में पूरे हुए, धरातल पर सब कुछ ढह चुका है। भाजपा सरकार पारदर्शिता और विकास की बात करती है, फिर बांसी नगर पालिका परिषद में करोड़ों के घोटाले किसके संरक्षण में चल रहे हैं और बांसी की जनता ने बृजभूषण मैरेज हाल के मरम्मत कार्य घोटाला जिला ही नहीं, बल्कि प्रदेश स्तर पर जांच की मांग किया है।



# कोड़रा ग्रान्ट ने दुफेड़िया को 25 रनों हराकर हासिल की जीत

दैनिक बुद्ध का संदेश

पकड़ी बाजार/सिद्धार्थनगर। विकास क्षेत्र शोहरतगढ़ के महमूदवा ग्रान्ट मेंरविवार को आयोजित क्रिकेट टूर्नामेन्ट का आयोजन किया गया, जिसके बतौर मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता घनश्याम यादव के द्वारा उदघाटन किया गया। इस अवसर पर सपाई नेता घनश्याम यादव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल से दिल और दिमाग दोनों स्वस्थ होता है। इसलिए समय–समय पर खेल का आयोजन होना चाहिए। इस प्रकार के क्रिकेट टूर्नामेन्ट के आयोजन आपसी भाईचारे सद्भाव को बढ़ावा देते हैं और युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। क्रिकेट मैच के दौरान दुफेड़िया ने टॉस जीतकर कोड़रा ग्रान्ट बल्लेबाजी करने का



आमन्त्रित किया। पहला टूर्नामेंट मैच खेलने आई टीम ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 08 ओवरों में 101 रन बनाए। जबकि लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोड़रा ग्रान्ट की टीम संघर्ष के बावजूद 76 रन ही बना सकी। दुफेड़िया टीम की ओर से फैसल ने बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। मुख्य अतिथि सपाई नेता घनश्याम यादव ने क्रिकेट टूर्नामेन्ट अयोजन के आयोजक अध्यक्ष कलाम एवं उपाध्यक्ष निसार अहमद और खिलाड़ियों सहित मैच में एम्पायर रहे उमेश चौहान व दिनेश मौर्या को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान मैच को देखनें के लिए आये क्रिकेट प्रेमी सहित ग्रामीण दर्शकों से पूरा खेल मैदान भरा रहा।

# सांसद जगदम्बिका पाल ने किया विशाल कुश्ती दंगल में पहलवानों का उत्साहवर्धन

दैनिक बुद्ध का संदेश

मिश्रौलिया/सिद्धार्थनगर।विधानसभा क्षेत्र कपिलवस्तु अन्तर्गत ग्राम पंचायत करौदा मसीना में ग्राम प्रधान प्रभु दयाल द्वारा आयोजित विशाल कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में रविवार को बतौर मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल शामिल होकर पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। विशाल कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में लोकप्रिय सांसद जगदम्बिका पाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि कुश्ती जैसे पारम्परिक खेल हमारी समृद्ध, सांस्‌तिक विरासत हैं, जो युवाओं में अनुशासन, परिश्रम और आत्मबल का विकास करते हैं। विशाल कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में महिला पहलवान देवा थापा की बहन व रूबी के बीच में एक महा मुकाबला हुआ, जिसमें देवा थापा की बहन रूबी पहलवान को धोबीपकट मारकर चारों खाने चित कर दिया। सिद्धार्थनगर के डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल ने इस सफल आयोजन के लिए आयोजक मण्डल एवं वहां उपस्थित क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहें।



## सम्पादकी

**मानवीय करुणा से व्यक्ति देवत्व की भाव भूमि पर प्रतिष्ठित होता है। प्रार्थना से हम किसी भी तूफान को पार पा सकते हैं। जिसे आप अपना आराध्य मानते हैं, उन्हीं की प्रार्थना करनी चाहिए। एकता बनाए रखने के लिए काम करें। सनातन के सशक्तीकरण के लिए एकता आवश्यक है। संस्.ति और आस्था का सम्मान आवश्यक है। हमें अपने सांस्.तिक प्रतीकों को ...**

# सनातनी भारतीय और एक हिन्दू संन्यासी विवेकानंद



भारतीय सनातनी आध्यात्मिकता को वैश्विक भाव भूमि पर पुनर्प्रतिष्ठित करने वाले स्वामी विवेकानंद एक अग्रगामी हिन्दू नेता थे। वे एक आध्यात्मिक धर्म गुरु और दार्शनिक विचारक थे, जो वेदांत और योग के दर्शन को पाश्चात्य देशों तक पहुँचाने और भारतीय संस्.ति व युवाओं को प्रेरित करने के लिए प्रसिद्ध हैं। वे सन 1893 ईस्वी के शिकागो विश्व धर्म संसद में अपने ऐतिहासिक भाषण और राम.ष्ण मिशन की स्थापना के लिए जाने जाते हैं, जिससे उन्हें विश्वव्यापी पहचान मिली। उस भाषण में जब मेरे प्यारे भाईयों और बहनों का संबोधन, उपस्थित जन समूह के लिए किया तब समुपस्थित जनता मंत्र मुग्ध हो गई थी। स्वयं पर भरोसा, मानव सेवा ही ईश्वर सेवा, शिक्षा का उद्देश्य चरित्र निर्माण और मस्तिष्क का विकास, केवल तथ्य रटना नहीं, और निडरता साहस और .ढ़ संकल्प उनकी वैचारिक लाठी हैं। स्वामी विवेकानंद की शिक्षा का सार है उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। लक्ष्य संधान अर्जुन का भी लक्ष्य था। यदि आप जीवन में सफल होना चाहते हैं तो आपको लक्ष्य की प्राप्ति तक परिश्रम करना होगा। स्वामी विवेकानंद जी की शिक्षाओं का सार तत्व देखिए।आत्म–विश्वास के विषय में स्वामी जी ने सिखाया कि अपने आप पर विश्वास करना सबसे ज़रूरी है। जब तक आप खुद पर विश्वास नहीं करते तब तक आप ईश्वर पर विश्वास नहीं कर सकते। मानव सेवा उनका मिशन था। उनका मानना था कि ईश्वर की सबसे अच्छी पूजा मानव सेवा है। सामर्थ्यवान व्यक्ति की समाज के वंचित वर्ग के शोषित, उत्पीड़ित और गरीबों तथा कमजोरों के कल्याण के लिए कार्य करना चाहिए। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य महज अर्थ का संग्रहण नहीं है। साथ ही शिक्षा का लक्ष्य केवल जानकारी भरना नहीं, बल्कि व्यक्ति में चरित्र, साहस, करुणा और एकाग्रता विकसित करना है। ताकि व्यक्ति अपने दिव्य सार को प्राप्त कर सके। निडरता और .ढ़ संकल्प से व्यक्ति स्वयं के द्वारा संधानित लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। निडरता, चारित्रिक शुचिता का चरम निदर्शन है। उन्होंने लोगों को निडर बनने और अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया, यह कहते हुए कि एक हीरो बनो। हमेशा कहो, मुझे कोई डर नहीं है। ध्यातव्य है कि स्वामी विवेकानंद का जीवन दर्शन आध्यात्मिकता, मानवता और राष्ट्रवाद का संगम है। उनका जीवन दर्शन वेदांत और योग के सिद्धांतों पर आधारित है। उनका मानना था कि श्दरिद्र नारायण की सेवाश ही ईश्वर की सच्ची सेवा है और शिक्षा का उद्देश्य चरित्र निर्माण व आत्म–ज्ञान है, जिसका शुद्धिकरण आवश्यक है। इसलिए युवाओं को शारीरिक व मानसिक रूप से सशक्त बनाना आवश्यक है। वे भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए संकल्पित थे इसलिए सशक्त रीढ़ युक्त राष्ट्र की परिकल्पना करते थे। स्वामी विवेकानंद के जीवन से हम सीख सकते हैं। विनम्रता एक अनमोल गुण है। जीवन में विनम्र बनकर ही हम ज्ञान की उच्चता पर पहुंच सकते हैं। जीवन में जिज्ञासा आवश्यक है। बिना जिज्ञासा के ज्ञान और अनुभव को नहीं प्राप्त कर सकते हैं। करुणा और दयालुता सदैव स्वर्णिम होती है। मानवीय करुणा से व्यक्ति देवत्व की भाव भूमि पर प्रतिष्ठित होता है। प्रार्थना से हम किसी भी तूफान को पार पा सकते हैं। जिसे आप अपना आराध्य मानते हैं, उन्हीं की प्रार्थना करनी चाहिए। एकता बनाए रखने के लिए काम करें। सनातन के सशक्तीकरण के लिए एकता आवश्यक है। संस्.ति और आस्था का सम्मान आवश्यक है। हमें अपने सांस्.तिक प्रतीकों को संजोकर रखना चाहिए। हास्य बुद्धिमता का प्रतीक है। कहना यह है कि स्वामी विवेकानंद एक महान आध्यात्मिक गुरु और विचारक थे। जिन्होंने वेदांत दर्शन को दुनिया तक पहुंचाया। शिकागो धर्म संसद में भारत का प्रतिनिधित्व किया और राम.ष्ण मठ एवं मिशन की स्थापना की, जो भारतीय संस्.ति और आदर्शों के प्रसार तथा समाज सेवा के लिए समर्पित हैं, जिससे वे युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन गए। विलक्षण प्रतिभा के धनी स्वामी विवेकानंद को कोटि कोटि प्रणाम है।

**लेखक विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का संदेश**

## गोरखनाथ मंदिर

परंपरा, आस्था और मनोरंजन की त्रिवेणी का दर्शन कराने वाला खिचड़ी मेला नाथ संप्रदाय के सबसे बड़े मठ गोरखनाथ मंदिर में हर साल 14 जनवरी को आयोजित होता है। यह मेला मकर संक्रांति से लेकर एक महीने तक मंदिर परिसर में लगता है। खिचड़ी चढ़ाने और फिर मेले का लुत्फ उठाने की परंपरा त्रेता युग से चली आ रही है और वर्ष दर वर्ष व्यवस्थागत विस्तार पा रही है। मेले में भारत के विभिन्न राज्यों से लोग आते हैं और मेले का आनंद उठाते हैं। पूरी प्रकृति को ऊर्जस्वित करने वाले सूर्यदेव के उत्तरायण होने पर गुरु गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने की त्रेतायुग से चली आ रही अनूठी परंपरा पूरी तरह लोक को समर्पित है। गोरखनाथ मंदिर में खिचड़ी के रूप में चढ़ाया जाने वाला अन्न वर्षभर जरूरतमंदों में वितरित होता है। मंदिर के अन्न क्षेत्र में कभी भी कोई जरूरतमंद खाली हाथ नहीं लौटता है। ठीक वैसे ही, जैसे बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाकर मनौती मानने वाला कभी निराश नहीं होता। इस बार भी खिचड़ी मेला बड़ी धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। कैसे शुरू हुई खिचड़ी चढ़ाने की परंपरा– खिचड़ी को मकर संक्रांति के पर्व के नाम से भी जाना जाता है। गुरु गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने की परंपरा त्रेतायुग से जुड़ी है। हिंदू मान्यता के मुताबिक एक बार शिव अवतारी गुरु गोरखनाथ भिक्षा मांगते हुए हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के ज्वाला देवी मंदिर पहुंचे। गुरु गोरखनाथ को देखकर देवी साक्षात प्रकट हो गईं। उन्होंने गोरखनाथ को भोजन के लिए आमंत्रित किया। आमंत्रण में कई तरह के व्यंजन को देखकर गुरु गोरखनाथ ने भोजन करने से इनकार कर दिया। उन्होंने भिक्षा में लाए हुए दाल और चावल से बने भोजन को ग्रहण करने की इच्छा जताई। इसके बाद देवी ने गुरु गोरखनाथ की इच्छा का सम्मान करते हुए भिक्षा में लाए चावल–दाल से भोजन पकाने का निर्णय लिया। इस बीच गुरु गोरखनाथ भिक्षा मांगते हुए गोरखपुर आ जाते हैं। यहां उन्होंने राप्ती और रोहिणी नदी के संगम पर एक स्थान पर अपना अक्षय पात्र रख दिया और साधना में लीन हो गए। उधर मकर संक्रांति के पर्व पर लोग उस अक्षय पात्र में अन्न डालने लगे। जब काफी मात्रा में अन्न डालने के बाद भी पात्र नहीं भरा, तो लोग योगी गोरखनाथ का चमत्कार मानते हुए उनके सामने सिर झुकाने लगे। तभी से इस तपोस्थली पर मकर संक्रांति के दिन खिचड़ी चढ़ाने की परंपरा शुरू हुई, जो कि आजतक चली आ रही है। यह मान्यता भी है प्रचलित– खिचड़ी को लेकर एक अन्य मान्यता भी प्रचलित है कि एक बार जब दिल्ली के सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी आक्रमण कर रहे थे, तो लगातार संघर्ष की वजह से नाथ योगी भोजन नहीं कर पाते थे। वजह थी आक्रमण के कारण भोजन बनाने का समय नहीं मिलना। कहा जाता है कि तब योगियों ने गुरु गोरखनाथ का ध्यान किया, तो उन्हें दाल, चावल और सब्जी को एक साथ मिलाकर पकाने की प्रेरणा मिली। नेपाल के राज परिवार से आती है खिचड़ी– मकर संक्रांति के दिन भोर में सबसे पहले गोरक्षपीठ की तरफ से पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ खिचड़ी चढ़ाकर बाबा को भोग अर्पित करते हैं। तत्पश्चात नेपाल राजपरिवार की ओर से आई खिचड़ी बाबा को चढ़ाई जाती है। इसके बाद मंदिर के कपाट खोल दिए जाते हैं और जनसामान्य की आस्था खिचड़ी के रूप में निवेदित होनी शुरू हो जाती है। खिचड़ी महापर्व को लेकर मंदिर व मेला परिसर सज धजकर तैयार है। गोरखनाथ मंदिर सामाजिक समरसता का ऐसा केंद्र है, जहां जाति, पंथ और मजहब की सीमाएं स्वतरू समाप्त हो जाती हैं।

# अंजाम-ए-गुलिस्तां क्या होगा

**हिन्दी की संरचना, उसकी भावनात्मक गहराई और सांस्कृतिक संदर्भों के अनुरूप तकनीकी समाधान विकसित होंगे। जब हिन्दी में सोचकर कोड लिखा जाएगा, जब हिन्दी में शोध और नवाचार होंगे, तब हिन्दी केवल संवाद की नहीं, बल्कि समाधान की भाषा बन जाएगी। हिन्दी आज उस मोड़ पर खड़ी है, जहां वह परंपरा और आधुनिकता, संस्कृति और तकनीक, भावना और विज्ञान के बीच सेतु बन रही है...**

देश में पहले से अच्छे उच्च शिक्षा संस्थानों की भारी कमी है। धार्मिक स्थलों के निर्माण, सौंदर्यीकरण, रख–रखाव पर अरबों रुपए खर्च किए जाते हैं, सरकार में बैठे लोगों का रोजमर्रा का खर्च लाखों में होता है, फिजूल के प्रचार कार्यक्रमों में करोड़ों रुपए खर्च कर दिए जाते हैं, लेकिन जब उच्च कोटि के अस्पतालों और शिक्षा संस्थानों के निर्माण और उन्नयन की बारी आती है तो सरकार के पास धन की कमी दिखाई जाती है। छात्रों को पढ़ने और शोध कार्यों के लिए आसानी से धन मुहैया कराने की जगह सरकार का ध्यान शिलान्यासों और हरी झंडी दिखाने में लगा रहता है। ऐसे में एक मेडिकल कॉलेज की मान्यता रद्द कर देना ऐसा फैसला है, जिस पर सिर ही पीटा जा सकता है। मान्यता रद्द करने के पीछे मानकों का पालन न होने को कारण बताया जा रहा है। लेकिन असल मुद्दा यही है कि पिछले काफी वक्त से इस मेडिकल कॉलेज में मुस्लिम छात्रों को मिले दाखिले पर हिंदू संगठन आपत्ति जता रहे थे और इसके लिए बाकायदा संघर्ष समिति बनाकर आंदोलन किया जा रहा था। दरअसल इस मेडिकल कॉलेज के पहले एमबीबीएस बैच के 50 छात्रों में से 42 मुस्लिम, एक सिख और केवल 8 हिंदू छात्र जम्मू क्षेत्र से होने की जानकारी सामने आई थी। अधिकतर छात्र कश्मीर से थे। इसी पर हिंदूवादी संगठन हंगामा मचा रहे थे कि जब मेडिकल कॉलेज




हिंदुओं के दिए दान से चल रहा है, तो उसमें मुस्लिम छात्रों को दाखिला क्यों दिया जा रहा है। आंदोलनकारी बाकायदा कॉलेज को बंद करने की मांग ही कर रहे थे। जो अब शायद मानकों के बहाने से पूरी कर दी गई है।

जम्मू–कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस फैसले पर निराश होते हुए कहा है कि उन बच्चों ने मेहनत करके सीट हासिल की है, यह किसी का उन पर एहसान नहीं है– न मेरा, न यूनिवर्सिटी का। उन्होंने परीक्षा पास करके सीट प्राप्त की है। अब अगर आप उन्हें वहां नहीं पढ़ाना चाहते, तो कहीं और उनका इंतजाम कीजिए। वे किसी के एहसान पर नहीं आए हैं।

वहीं महबूबा मुफ्ती ने कहा कि बीमारी का इलाज करने के बजाय, मरीज को बिना किसी गलती के दंडित किया जा रहा है। अधिक चिंताजनक बात यह है कि यदि एसएमवीडी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान के साथ ऐसा किया जा सकता है, तो इसे अन्य जगहों पर भी दोहराया जा सकता है, जिससे मेहनती युवाओं का भविष्य गंभीर खतरे में पड़ जाएगा।

गौरतलब है कि नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने एसएमवीडी से एमबीबीएस कोर्स चलाने की इजाजत वाले आदेश को वापस ले लिया है। इसके बाद से ही छात्र और उनके शिक्षक चिंतित हैं। फैकल्टी सदस्यों ने आरोप लगाया कि हिंदुत्ववादी संगठनों के आंदोलन ने एनएमसी के फैसले को प्रभावित किया है। बता दें कि 2 जनवरी को एनएमसी ने संस्थान का औचक निरीक्षण किया और महज 15 मिनट में फैसला लिया कि 2025–26 सत्र के लिए एमबीबीएस कोर्स चलाने के लिए दी गई अनुमति वापस ली जाती है। एक बयान में कहा गया है कि यह फैसला अधोसंरचना में गंभीर कमियों के आधार पर लिया गया है।

मेडिकल एजुकेशन रेगुलेटर के अनुसार, पिछले दो हफ्तों में खराब इंफ्रास्ट्रक्चर, क्लिनिकल मटीरियल की कमी और फैकल्टी एवं रेजिडेंट डॉक्टरों की कमी की कई शिकायतें मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई। बोर्ड ने मंगलवार को एक आदेश जारी किया।

रिपोर्ट के अनुसार कॉलेज में शिक्षकों की संख्या करीब 39 प्रतिशत कम थी। ट्यूटर, डेमोंस्ट्रेटर और सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर भी 65 प्रतिशत कम मिले। मरीजों की संख्या भी निर्धारित मानकों से काफी कम मिली। दोपहर 1 बजे तक ओपीडी में सिर्फ 182 मरीज मौजूद थे, जबकि कम से कम 400 मरीज होने चाहिए थे। अस्पताल में केवल 45 प्रतिशत बेड पर मरीज थे, जबकि मानक 80 प्रतिशत का है। आईसीयू में भी क्षमता से आधे मरीज थे। इसके अलावा कई विभागों में लैबोरेटरी हीं थीं, रिसर्च लैब नहीं थी, लेक्चर थिएटर मानकों के अनुरूप नहीं थे और लाइब्रेरी में सिर्फ 744 किताबें थीं जबकि 1500 किताबें जरूरी हैं। केवल 2 ऑपरेशन थिएटर काम कर रहे थे जबकि कम से कम 5 थिएटर होने चाहिए थे। पैरा–क्लीनिकल विषयों के लिए उपकरण भी पर्याप्त नहीं थे।

# क्रिकेट मैदान के बाहर रन–आउट

**लेकिन खेल की प्रतिभा अलग है और युद्ध की अलग। युद्ध कई मामलों में ज्यादा प्रभावी और निर्णायक होता है। लेकिन दिल जीतने में खेल और मनोरंजन के दूसरे क्षेत्रों की प्रतिभाओं का भी अपना महत्व है और उनके सहारे संबंध बनते और मजबूत होते हैं। चीन के बारे में माना जाता था कि सारी दुनिया से कैट रहने वाले दौर में भी पिंग–पोंग डिप्लोमेसी अर्थात टेबल टेनिस के खेलों ...**

शाहरुख खान का चरित्र अब किसी के प्रमाणपत्र की मांग नहीं करता और जिस तरह से उन्होंने अपनी कोलकाता नाइटराइडर टीम के लिए खरीदे गए बांग्लादेशी खिलाड़ी मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल मुकाबला शुरू होने से पहले ही रिलीज कर दिया है। उससे प्रमाणपत्र मांगने वाले मुट्ठीभर लोगों का मुंह बंद हो चुका है इनमें चुनाव हारकर खाली बैठे संगीत सोम, एक धर्म गुरु, एक मौलाना, कांग्रेस में जाने समेत कई चक्कर लगाने के बाद शिवसेना में लौटे एक नेता शामिल हैं। संगीत सोम ने तो यह फैसला करने के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को धन्यवाद भी दिया। उन्होंने मुस्तफिजुर के हवाई अड्डे से बाहर न निकालने देने की घोषणा की थी। अब उन्होंने यह घोषणा किस बल से की या किसके इशारे से, यह बताने की जरूरत नहीं है। लेकिन जिस तरह क्रिकेट बोर्ड और शाहरुख खान का फैसला हुआ उससे साफ है कि उनको देश की सर्वोच्च सत्ता से जरूरी निर्देश और संदेश मिले थे। यह फैसला अटपटा है और इसका रिश्ता पिछले दिनों सम्पन्न चौंपियंस ट्राफी और एशियाई टी–20 मुकाबले में पाकिस्तान के साथ खेलने लेकिन पाकिस्तानी अध्यक्ष से ट्राफी लेने या पाकिस्तानी कप्तान से हाथ न मिलाने के फैसले से जुड़ता दिखता है। जाहिर तौर पर वह सब भी क्रिकेट के हमारे कर्ताधर्ता लोगों के निर्देश पर ही किया गया था। यह अलग बात है कि मीडिया का एक वर्ग और भाजपा के कई लोग उसके लिए भी वाह वाह कर रहे थे। लगता है कि मुस्तफिजुर वाले फैसले से, जिसे लेकर वे काफी दुखी, हैरान और परेशान थे, क्रिकेट खेल और प्रशासन की परेशानियां बढ़ गई हैं और आने वाले दिनों में यह विवाद और उलझ सकता है। एक तो बांग्लादेश क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आगामी टी–20 विश्वकप के भारत में होने वाले मुकाबलों में हिस्सा लेने से इंकार कर दिया। उन्होंने आयोजक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल को यह सूचना दी और उसकी बात मान ली गई। तर्क वही खिलाड़ियों की सुरक्षा का है। मुस्तफिजूर को बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा के मद्देनजर रोकने की मांग थी तो अब बात खिलाड़ियों की सुरक्षा पर आ गई। याद करें तीन दशक पहले की जब एशियाई क्रिकेट शीर्ष पर था और भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश मिल कर प्रतियोगिताएं आयोजित करते थे। यह विश्व कप या पिछला एशिया कप भी इसी तरह साझा तौर पर आयोजित हो रहा है। पिछली बार तो भारत– पाक मुकाबले दुबई में करा लिए गए और व्यावसायिक रूप से खास नुकसान न हुआ। खिलाड़ियों को भी ज्यादा भाग–दौड़ नहीं करनी पड़ी थी। लेकिन इस बार प्रारम्भिक दौर में ही बांग्लादेश को भारत में चार मुकाबले खेलने हैं, तीन कोलकाता में और एक मुंबई में। पाकिस्तान और भारत को एक दूसरे के यहां नहीं ही खेलना है। साफ है कि सारा वजन श्रीलंका पर आएगा। और अगर बांग्लादेश अंतिम आठ वाले लीग में और फिर सेमीफाइनल तथा फाइनल तक पहुंच गया तो आयोजकों को मैदान तय करने और खिलाड़ियों को वक्त से पहुंचाने तथा आराम का इंतजाम करने में पसीने छूट जाएंगे। इन सबके बीच खेल का क्या होगा यह तो सोचना भी मुश्किल है। और कई लोग तो 2031 तक एशिया के देशों द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के मुकाबलों के भविष्य को लेकर भी परेशान हैं जिन्हें भारत, नेपाल और बांग्लादेश को आयोजित करना है। अगर इसमें भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश अगर एक दूसरे के यहां न जाने के फैसले पर अड़े रहे तो क्या स्थिति होगी, यह सोच पाना भी कठिन है। 2031 में भारत और बांग्लादेश को एक दिवसीय क्रिकेट के विश्व कप का साझा आयोजन करना है। ये चीजें जब तक आयोजकों और भारतीय क्रिकेट के प्रमुख लोगों के दिमाग में साफ हों तथा उसका नफा–नुकसान समझ आये तब तक बांग्लादेश सरकार ने एक और फैसला लेकर सबकी और क्रिकेट की हालत और मुश्किल कर दी। उसने मुस्तफिजुर वाले फैसले की प्रतिक्रिया में आईपीएल के टीवी प्रसारण पर रोक की घोषणा कर दी। आज दुनिया के क्रिकेट प्रेमी दर्शकों में भारत नंबर एक है और उनसे अप्रत्यक्ष कमाई ही वह कारण है जिसमें हम क्रिकेटरों को (और उनको ही क्यों दूसरे खेलों को भी मदद करते हैं) ऐसा भुगतान करने लगे हैं कि दुनिया भर के खिलाड़ी आईपीएल में खेलने को लालायित रहते हैं। इस धन से हमारा बोर्ड ताकतवर बना है और आज अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल में उसका दबदबा है। लेकिन दर्शकों की संख्या के हिसाब से बांग्लादेश दूसरे नंबर पर है और जब भी कोई टीवी कंपनी प्रसारण के अधिकार खरीदती है तो उसको वहां से होने वाले राजस्व का हिसाब भी याद रहता है। अब बांग्लादेश के इस फैसले का आईपीएल और उसके ब्राडकास्टरों पर क्या असर पड़ेगा यह हिसाब अभी सामने नहीं आया है। लेकिन यह राशि बहुत बड़ी होगी और इसका आईपीएल के भविष्य पर असर होगा और मामला सिर्फ पैसे तक नहीं रहेगा–यह खेल और खिलाड़ियों तक भी जाएगा। लीग के माध्यम से हर खेल लोकप्रिय हुआ है, अमीर हुआ है, खिलाड़ियों को ज्यादा संबल मिला है। वहां मिल्कियत और खिलाड़ी का परिचय भूला नहीं जाता लेकिन खेल वाला परिचय और क्षमता को ही सर्वोच्च महत्व दिया जाता है। अब यहां दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट लीग का खेल गिनवाने का कोई मतलब नहीं है जिसके कई फ्रेंचाईजियों के मालिक भारतीय हैं और जहां पाकिस्तानी क्रिकेटर भी खेलते हैं। अब खून बहाते रहना और खेल खेलते रहने वाला हिसाब तो साथ नहीं चल सकता।






# गोवा में 2025 में 1.08 करोड़ सैलानी पहुंचे, विदेशी पर्यटकों की संख्या पांच लाख के पार

वर्ष 2025 में पांच लाख विदेशियों सहित लगभग 1.08 करोड़ पर्यटक गोवा पहुंचे। राज्य के पर्यटन मंत्री रोहन खौंटे ने रविवार को कहा कि गोवा सरकार का ध्यान गुणवत्तापूर्ण पर्यटन को बढ़ावा देने, बाजारों में विविधता लाने और तटीय राज्य के पुनर्योजी पर्यटन को आगे बढ़ाने पर है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि पर्यटन का लाभ स्थानीय समुदायों, पर्यावरण और अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक रूप से मिले। राज्य पर्यटन विभाग ने रविवार को बताया कि 2025 में गोवा में 1,02,84,608 घरेलू पर्यटक और 5,17,802 विदेशी पर्यटक आए, जिससे कुल पर्यटकों की संख्या 1,08,02,410 हो गई। विभाग ने कहा कि चार्टर उड़ानों के जरिए आने वाले विदेशी पर्यटकों ने गोवा के पर्यटन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आंकड़ों के मुताबिक अपने खूबसूरत समुद्र तटों के लिए मशहूर गोवा में पर्यटकों की संख्या पिछले कुछ वर्षों में लगातार बढ़ी है। राज्य में 2017 में 68,95,234 घरेलू पर्यटक और 8,90,459 विदेशी पर्यटक आए थे। गोवा में 2024 में 266 चार्टर उड़ानें आईं, जिनमें 58,680 विदेशी पर्यटक सवार थे।



# स्वामी विवेकानंद का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है–राहुल श्रीवास्तव

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। सामाजिक संस्था बस्ती विकास समिति द्वारा आज राष्ट्रीय युवा दिवस की पूर्व संध्या पर समिति के नगर कार्यालय में युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के संस्थापक राहुल श्रीवास्तव ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर की। इस अवसर पर उपस्थित युवाओं और पदाधिकारियों ने स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।संस्थापक राहुल श्रीवास्तव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने युवाओं को आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण और राष्ट्र सेवा का मार्ग दिखाया। आज के युवाओं को उनके विचारों को अपनाकर समाज और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।नगर अध्यक्ष पवन वर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने भारतीय संस्ःति और अध्यात्म को विश्व पटल पर स्थापित किया। उनका संदेश आज भी युवाओं को सकारात्मक सोच और कर्मशील बनने की प्रेरणा देता है। संगठन मंत्री प्रिंस श्रीवास्तव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का स्पष्ट संदेश था कि उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत। उनके विचार युवाओं को जीवन में आगे बढ़ने की दिशा देते हैं।वहीं नगर संयोजक अखिलेश त्रिपाठी ने कहा कि आज के समय में स्वामी विवेकानंद जी के विचारों की प्रासंगिकता और भी बढ़ गई है। युवाओं को नशा, निराशा और भटकाव से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए।कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों पर चलने और समाज सेवा के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।इस दौरान रोहन श्रीवास्तव, दीपक कुमार गौड़, नरेन्द्र प्रताप सिंह, राजन निषाद, विनय राजपूत, आनंद वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।




# भाजपा नेता रमाकान्त पाण्डेय ने चौकीदारों में किया कम्बल का वितरण: दिया संदेश





दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। रविवार को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कप्तानगंज विधानसभा क्षेत्र से टिकट के प्रबल दावेदार रमाकांत पाण्डेय ने बुधवार को गौर थाने में चौकीदारों में कम्बल वितरित किया। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की सुरक्षा में चौकीदारों की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं उनके भूमिका की सराहना कर चुके हैं.। वर्षो बाद भाजपा की सरकार में चौकीदारों को सम्मान के साथ ही उनके मानदेय और सुविधाओं में बढोत्तरी की गई। उनकी समस्याओं के निराकरण के लिये उनका प्रयास जारी रहेगा।भाजपा नेता रमाकान्त पाण्डेय ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास अर्जित कर भाजपा समाज के कमजोर वर्गो के उत्थान में जुटी है। कहा कि पूर्व की सरकारें गरीबों का हक डकार लेती थी. भाजपा की सरकार बनते ही उनके लिये विकास के द्वार खुले. आवास, शौचालय उपलब्ध कराने के साथ ही शिक्षा, चिकित्सा, परिवहन, रोजगार सृजन के क्षेत्र में सर्वाधिक कार्य किये। पहले सरकारी नौकरियों को प्राप्त करने के लिये लोगों को रिश्वत देनी पड़ती थी किन्तु भाजपा की सरकार बनते ही यह खेल समाप्त हुआ और बिना रिश्वत लोग नौकरी हासिल कर रहे हैं. श्री अयोध्या धाम में भव्य मंदिर का निर्माण पूर्ण हुआ और काशी में बाबा विश्वनाथ धाम का ऐतिहासिक कारिडोर बन गया। भाजपा इन कार्यो के भरोसे पुनः मजबूत सरकार बनायेगी। कहा कि बिना भेदभाव के लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होने चौकीदारों में कम्बल वितरित करते हुये कहा कि कडाके की ठंड में सेवा देने में सुविधा होगी।गौर थाने पर अनेक चौकीदारों को जब कम्बल मिला तो उनके चेहरों पर मुस्कान थी। इस अवसर पर मुख्य रूप से गौर थानाध्यक्ष सन्तोष कुमार, संजय कुमार एवं शशिकान्त पाण्डेय, दुर्गेश पाण्डेय, भोले, आनंद, राज कुमार, राजमणि,उधव प्रसाद, जगराम, फुल्ला, अशर्फीलाल, रामदुलारे, रामचंद्र, बबलू चौधरी राम भवन निषाद, बृजेश के साथ ही पुलिसकर्मी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# जयन्ती की पूर्व संध्या पर याद किये गये स्वामी विवेकानन्द, संगोष्ठी में योगदान पर विमर्श

## युगों तक प्रेरणा देते रहेंगे स्वामी विवेकानन्द– डा. वी.के. वर्मा

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती।रविवार को स्वामी विवेकानन्द जयंती की पूर्व संध्या पर कबीर साहित्य सेवा संस्थान द्वारा प्रेस क्लब सभागार में साईमन फारूकी के संयोजन में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक साहित्यकार डा. वी.के. वर्मा ने स्वामी विवेकानन्द के जीवन वृत्त, योगदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये कहा कि जब भारत कई टुकड़ों में विभाजित था, भुखमरी, महामारी से देश के अनेक हिस्से प्रभावित थे उस समय युवा सन्यासी ने देश को ऊर्जा देने के साथ ही शिकागो के भाषण से विश्व में भारत की प्रतिष्ठा बढाई, उन्होने धर्म को जीवन से जोड़ा और मुसीबत में होम्योपैथ की दवा लेकर सेवा करने निकल पड़े। युवा पीढी को ऐसे महान व्यक्तित्व से प्रेरणा लेनी चाहिये।वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम प्रकाश शर्मा, अजीत श्रीवास्तव 'राज' तौव्वाब अली, डा. वाहिद अली सिद्दीकी, टी.पी. मिश्र, अर्चना श्रीवास्तव, अनुरोध कुमार श्रीवास्तव, सुशील सिंह पथिक आदि ने कहा कि अपने गुरू स्वामी राम.ष्ण के निधन के बाद विवेकानन्द के जीवन में नया मोड़ दिया. 25 वर्ष की अवस्था में उन्होंने गेरुआ वस्त्र पहन लिया, उन्होंने पैदल ही पूरे भारतवर्ष की यात्रा की गरीब, निर्धन और सामाजिक बुराई से ग्रस्त देश के हालात देखकर दुःख और दुविधा में रहे विवेकानन्द करोड़ो युवाओं के प्रेरणा श्रोत बन गये। अध्यक्षता करते हुये वरिष्ठ कवि डा. राम .ष्ण लाल 'जगमग' ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द सदा अपने को गरीबों का सेवक कहते थे. भारत के गौरव को देश–देशांतरों में उज्ज्वल करने का उन्होंने सदा प्रयत्न किया। इस परम्परा को आगे बढाने की जरूरत है। कहा कि युवाओं को स्वामी विवेकानन्द के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिये। संचालन करते हुये वरिष्ठ साहित्यकार दीपक सिंह प्रेमी ने स्वामी जी के व्यक्तित्व .तित्व के विभिन्न विन्दुओं पर प्रकाश डाला। कहा कि स्वामी विवेकानन्द सभी धर्मो का आदर करते थे यही कारण है कि सभी धर्मानुरागियों में उन्हें आदर प्राप्त है। आयोजक साईमन फारूकी ने कहा कि स्वामी विवेकानंदजी का .ढ़ विश्वास था कि अध्यात्म–विद्या और भारतीय दर्शन के बिना विश्व अनाथ हो जाएगा. उन्होने भारतीय दर्शन को विश्व में प्रतिष्ठित किया। कार्यक्रम में शाद अहमद शाद, अमित कुमार उपाध्याय, राहुल चौहान, सागर गोरखपुरी, चन्द्रमोहन लाल श्रीवास्तव, ओमैसी, सन्तोष श्रीवास्तव, संजीव पाण्डेय, आदि उपस्थित रहे।



# सफाई कर्मचारी संघ का चुनाव में अध्यक्ष, मंत्री का 18 को होगा मतदान: 3 निर्विरोध निर्वाचित

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन और पदाधिकारियों की चुनाव प्रक्रिया जिला मंत्री मनोज चौहान द्वारा पूर्व की कार्यकारिणी भंग करने के बाद रविवार 11 जनवरी से शुरू हुई। जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में चुनाव अधिकारी राम सहाय यादव, सुधीर शर्मा और शिव कुमार यादव की देख रेख में 5 पदों के लिये 7 पर्चे बिके। जिला कोषाध्यक्ष पद पर राम .पाल चौधरी, संगठन मंत्री मो. सलीम, लेखा सम्प्रेक्षक राजकुमार निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये गये। जिलाध्यक्ष पद पर सोमईराम आजाद, पेशकार, जिला मंत्री पद पर अतुल कुमार पाण्डेय, शिवकुमार यादव चुनाव मैंदान में है। उनके बीच चुनाव चिन्ह का वितरण कर दिया गया। 18 जनवरी को मतदान पं. अटल बिहारी बाजपेई प्रेक्षागृह में कराया जायेगा। कडाके की ठंड के बावजूद सफाई कर्मियों में अधिवेशन और चुनाव को लेकर गहमागहमी का माहौल रहा।



# साहू समाज की बैठक में शिक्षा, समानता और रोजगार पर हुई व्यापक चर्चा...

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती।साहू समाज द्वारा समाज को संगठित करने, शिक्षा के प्रसार, समानता, रोजगार और सामाजिक समरसता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार–विमर्श हेतु बड़ेबन में जिलाध्यक्ष धर्मराज गुप्ता के संयोजन में बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों, युवाओं एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।बैठक में जिलाध्यक्ष धर्मराज गुप्ता ने कहा कि समाज की प्रगति के लिए संगठित होना अत्यंत आवश्यक है। शिक्षा को समाज की रीढ़ बताते हुए बच्चों और युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को आगे बढ़ाने के लिए छात्रवृत्ति, मार्गदर्शन और सहयोग की आवश्यकता पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से अर्जुन गुप्ता, राम खेलावन, राम उग्रह, संतोष कुमार साहू, जमुना साहू, अशर्फी लाल साहू, रंजीत साहू, जितेंद्र साहू, विजय कुमार गुप्त, दुखहरन साहू, सचिन साहू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# गायत्री शक्तिपीठ पर सामूहिक खिचड़ी सहभोज का आयोजन 15 जनवरी को


दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। गायत्री शक्तिपीठ बस्ती के वरिष्ठ परिव्राजक/ट्रस्टी राम प्रसाद त्रिपाठी ने बताया की मकर संक्रांति के पावन पर्व पर 15 जनवरी 2026 दिन गुरुवार को 12.00 बजे दिन में खिचड़ी सामूहिक सहभोज का कार्यक्रम रखा गया है। जिससे सनातन संस्ःति का संस्मरण परस्पर प्रेम भावना का विस्तार होता रहे। उन्होंने समस्त जनपदवासियो से अपील किया है कि 15 जनवरी 2026 दिन गुरुवार को दोपहर 12.00 बजे से सपरिवार इष्ट मित्रों सहित शक्तिपीठ पर जरूर पहुंचे।

# अष्टांग योग में 'स्वाध्याय' से होता है आत्मबोध और जीवन का उत्थान–डॉ. नवीन सिंह

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। अष्टांग योग के दूसरे अंग नियम का उद्देश्य व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और आत्मिक उत्थान को सुनिश्चित करना है। शौच, संतोष और तप के पश्चात नियम का चौथा महत्वपूर्ण अंग स्वाध्याय है, जो आत्मचिंतन और आत्मबोध का मार्ग प्रशस्त करता है। यह विचार डॉ. नवीन सिंह, योगाचार्य, पतंजलि योग पीठ हरिद्वार यूनिट बस्ती ने व्यक्त किए।डॉ. नवीन सिंह ने बताया कि स्वाध्याय दो शब्दों स्व और अध्याय से मिलकर बना है, जिसका अर्थ है.अपने बारे में जानने के लिए आर्ष ग्रंथों का पठन, श्रवण, मनन और निदिध्यासन करना। स्वाध्याय के माध्यम से साधक को स्वयं से पाँच महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर खोजने होते हैं.मैं कौन हूं, मैं कहां से आया हूं, मुझे क्या करना चाहिए, मैं क्या कर रहा हूं और मुझे कहां जाना है।उन्होंने कहा कि इन प्रश्नों के उत्तर पाने के लिए वेद, उपनिषद, गीता जैसे आर्ष ग्रंथों का अध्ययन, विद्वानों के वचनों का श्रवण, तथा पढ़े–सुने ज्ञान का मनन कर उसे जीवन में उतारना आवश्यक है। यही प्रक्रिया वास्तविक स्वाध्याय कहलाती है। आज के समय में स्वाध्याय को केवल सेल्फ स्टडी समझ लिया गया है, जबकि स्वयं को पढ़ना और समझना भी उतना ही आवश्यक है।डॉ. सिंह ने बताया कि स्वाध्याय के अनुष्ठान से ईश्वर, जीव और प्र.ति का यथार्थ ज्ञान प्राप्त होता है। इससे ईश्वर के प्रति आस्था .ढ़ होती है और जीवन की कठिन परिस्थितियों में धैर्य एवं विवेक से निर्णय लेने की शक्ति विकसित होती है। उन्होंने प्राचीन परंपरा का उल्लेख करते याद दिलाया कि शिक्षा पूर्ण होने पर दीक्षा के समय यह संकल्प दिलाया जाता था."स्वाध्याय प्रवचनाभ्याम मा प्रमदितव्यम" अर्थात स्वाध्याय और प्रवचन में कभी प्रमाद न करें।उन्होंने कहा कि इसी संस्कार के कारण विद्यार्थी समाज में जाकर पुरुषार्थ के साथ राष्ट्र और आत्मिक उन्नति के लिए कार्य करते थे। अंत में डॉ. नवीन सिंह ने सभी से आह्वान किया कि स्वाध्याय को जीवन का अंग बनाकर अपने जीवन को सार्थक और मूल्यवान बनाएं।उन्होंने बताया कि इस क्रम में अगली कड़ी में ईश्वर प्रणिधान के विषय में विस्तार से चर्चा की जाएगी।



# जीवन में खेलों का भी विशेष महत्व है–संजीव त्यागी

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। पुलिस उपमहानिरीक्षक संजीव त्यागी ने कहा है कि जीवन में खेलों का भी विशेष महत्व है। खेल खेलते समय लक्ष्य निर्धारण व एकाग्रता का होना अत्यंत आवश्यक है। लक्ष्य निश्चित हो तो सफलता भीनिश्चित है। खेल–खेलने से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। जिला वालीबाल संघ बस्ती एवं बजरंग बली सरस्वती व्यामशाला के तत्वाधान में आयोजित स्व0 जगदम्बिका देवी एवं स्व0 हनुमन्त प्रसाद मिश्र मेमोरियलराज्य स्तरीय तीन दिवसीय वालीबाल प्रतियोगिता का उद्घाटन करने के बाद बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए उन्होनें कहा कि ऐसे आयोजन से खिलाड़ियों को मंच मिलता है और खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्तहोता है। खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं, खेल शारीरिक, मानसिक औरसामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेलों से अनुशासन, टीमवर्क, आत्म–नियंत्रण और सकारात्मक सोच विकसित होती है, जो जीवन के हर क्षेत्र में सहायक होती, स्थानीय टीम व्यामशाला की ओर उन्होनें एक पारी खेल कर बिजयी खिलाड़ियों को पुरूस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद कुमार उपाध्याय,वंश गोपाल मिश्र,राघवेन्द्र प्रसाद मिश्रा, जीशान हैदर रिजवी, आशीष, परवेज, राजेश सोनी, मन्चल, अनुराग कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# मुण्डेरवा पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती।थाना मुण्डेरवा क्षेत्र में नाबालिग लड़की को शादी का झाँसा देकर बहला–फुसलाकर भगाने एवं दुष्कर्म के मामले में मुण्डेरवा पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरतार कर लिया है।पुलिस अधीक्षक बस्ती अभिनन्दन के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराध विरोधी अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकान्त तथा क्षेत्राधिकारी रूधौली कुलदीप सिंह यादव के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष मुण्डेरवा प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।पुलिस के अनुसार थाना मुण्डेरवा में पंजी.त मु0अ0सं0 265/2025 धारा 115(2), 137(2), 64(2)(उ) बीएनएस एवं 5स/6 पाक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त सूरज कुमार कन्नौजिया (23) पुत्र राम जनक कन्नौजिया, निवासी ग्राम धौरहरा गोचना, को मुखबिर की सूचना पर शनिवार अपराह्न लगभग 2रू30 बजे राजकीय जूनियर हाईस्कूल से अहरा जाने वाले मार्ग से गिरतार किया गया।बताया गया कि वादी द्वारा 31 दिसंबर 2025 को थाना मुण्डेरवा में तहरीर दी गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि अभियुक्त नाबालिग लड़की को शादी का झाँसा देकर भगा ले गया और करीब एक सप्ताह तक उसके साथ दुष्कर्म किया, बाद में उसे घर छोड़ दिया। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक अमरनाथ यादव द्वारा की जा रही थी।गिरतारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, उपनिरीक्षक अमरनाथ यादव, हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल शामिल रहे।पुलिस ने अभियुक्त को गिरतार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।




# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार, केन्द्र सरकार की चुप्पी को लेकर 'आप' ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। रविवार को आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष डा. राम सुभाष वर्मा के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे संगठित अत्याचारों, भारत सरकार की चुप्पी तथा कूटनीतिक व्यापारिक सम्बन्धों पर तत्काल कठोर निर्णय लिए जाने के मुद्दे को लेकर जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को 4 सूत्रीय ज्ञापन भेजा।ज्ञापन देने के बाद जिलाध्यक्ष डा. राम सुभाष वर्मा ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के विरुद्ध लगातार हो रहे हमले, मंदिरों को निशाना बनाए जाने, महिलाओं और बच्चों के साथ की जा रही बर्बरता तथा भय के माहौल में जबरन पलायन की घटनाएं अत्यंत चिंताजनक और मानवता को शर्मसार करने वाली हैं। इससे भी अधिक पीड़ादायक तथ्य यह है कि इन गंभीर घटनाओं के बावजूद भारत की केन्द्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की और से अब तक कोई ठोस, प्रभावी और निर्णायक कार्रवाई सागने नहीं आई है। सरकार इस गंभीर मुद्दे के समाधान की पहल करें।आम आदमी पार्टी के जिला प्रभारी कुलदीप जायसवाल, बौद्ध प्रान्त के सचिव एवं सह प्रभारी पतिराम आजाद, ने कहा कि भारत जैसे लोकतांत्रिक और नैतिक नेतृत्व वाले राष्ट्र से यह अपेक्षा की कहा कि अच्छा हो कि केन्द्र जाती है कि वह पडोसी देश में हिन्दू अल्पसंख्यकों पर हो रहे संगठित अत्याचारों पर केवल मौन न साधे, बल्कि अपनी कूटनीतिक, आर्थिक और अंतरराष्ट्रीय शक्ति का प्रयोग कर पीडितों की सुरक्षा सुनिश्चित कराए। गौजूदा परिस्थितियों में भारत सरकार की चुप्पी न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि इससे अत्याचारियों का मनोबल भी बढ़ रहा है।ज्ञापन सौंपने के दौरान महिला विंग अध्यक्ष मिथलेश भारती, डा. राम सजन सूर्यबंशी, विजय कुमार सोलंकी, जियालाल यादव, शेषपाल चौधरी, गुलाब आदि शामिल रहे।



# मनरेगा बचाओ संग्राम:कांग्रेस का एक दिवसीय उपवास शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर।जनपद बलरामपुर में कांग्रेस पार्टी के आह्वान पर मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत आयोजित एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवलाल कोरी के नेतृत्व में शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उपवास कार्यक्रम के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार पर मनरेगा को कमजोर करने, मजदूरों की उपेक्षा करने तथा समय पर मजदूरी भुगतान न किए जाने का आरोप लगाते हुए विरोध दर्ज कराया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवलाल कोरी ने कहा कि मनरेगा गरीबों, मजदूरों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, लेकिन मौजूदा सरकार लगातार इसे कमजोर कर रही है। मजदूरों को न समय से काम मिल रहा है और न ही समय पर मजदूरी। कांग्रेस पार्टी मनरेगा को बचाने के लिए सड़क से लेकर सदन




तक संघर्ष जारी रखेगी।मनरेगा बचाओ संग्राम के कोऑर्डिनेटर विनय कुमार मिश्रा ने कहा कि मनरेगा के तहत रोजगार के दिनों में कटौती की जा रही है तथा मजदूरी भुगतान में महीनों की देरी हो रही है, जो सरकार की मजदूर विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जब तक मजदूरों को उनका अधिकार नहीं मिलेगा, तब तक मनरेगा बचाओ संग्राम जारी रहेगा।।ब्ब सदस्य एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजबहादुर यादव ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं बल्कि गरीबों का संवैधानिक अधिकार है। भाजपा सरकार इसे समाप्त करने की साजिश कर रही है, जिसे कांग्रेस पार्टी कभी सफल नहीं होने देगी।पूर्व प्रत्याशी उमाशंकर तिवारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है और मनरेगा को कमजोर कर गरीबों से उनका सहारा छीना जा रहा है। कांग्रेस पार्टी मजदूरों के सम्मान और अधिकार की लड़ाई मजबूती से लड़ेगी।पूर्व जिला अध्यक्ष अनुज सिंह ने कहा कि यह एक दिवसीय उपवास सरकार के खिलाफ शांतिपूर्ण लेकिन मजबूत संदेश है। मनरेगा में हो रही अनदेखी के कारण गांवों में भुखमरी जैसे हालात उत्पन्न हो रहे हैं और कांग्रेस पार्टी हर स्तर पर मजदूरों की आवाज बनेगी।वरिष्ठ कांग्रेस नेता मारकंडे मिश्र ने कहा कि यह उपवास सरकार के लिए चेतावनी है।

यदि मनरेगा से छेड़छाड़ बंद नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।उतरौला ब्लॉक अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि ब्लॉक स्तर पर मजदूरों की समस्याएं चरम पर हैं। मनरेगा में पारदर्शिता समाप्त हो चुकी है और कांग्रेस पार्टी गांव–गांव जाकर मजदूरों को संगठित करेगी।उक्त कार्यक्रम में प्रभारी कंट्रोल रूम बृजेश चौहान, विजय कुमार उपाध्याय, डॉ. खलीलुल्लाह, दिलशाद हुसैन, त्रिजुगी नारायण द्विवेदी, केदारनाथ पांडे, अमेरिका कुरील, मोहम्मद जमील, बालक राम, भीष्म सिंह, राम बहादुर दुबे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

# प्रभु श्री राम को गाली देने वालों कि गर्मी जल्द हो जाएगी ठंड: डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर।जनपद बलरामपुर के गैसड़ी विधानसभा क्षेत्र से जुड़े एक वायरल वीडियो ने जिले की सियासत और सामाजिक माहौल में हलचल मचा दी है। वीडियो का संज्ञान लेते हुए आदर्श नगर पालिका परिषद बलरामपुर के अध्यक्ष डॉ.धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरू' ने सिसवा ग्राम प्रधान मोहम्मद आमिर के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने पुलिस अधीक्षक बलरामपुर को औपचारिक पत्र भेजकर तत्काल कानूनी कार्यवाही की मांग की है।नगर पालिका अध्यक्ष ने लाइव आकर कहा है कि वायरल वीडियो में एक हिंदू युवक द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जयघोष किए जाने पर, एक सरकारी कार्यालय में बैठकर ग्राम प्रधान मोहम्मद आमिर द्वारा लगातार मां–बहन की अशोभनीय गालियां दी गईं और सनातन धर्म का खुलेआम अपमान किया गया






उन्होंने कहा है कि प्रभु श्री राम हमारे आराध्य है उनका अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने इसे निंदनीय, अस्वीकार्य और समाज को तोड़ने वाला .त्य बताया। डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधान द्वारा महतो (कुर्मी) समाज और यादव समाज के लोगों के प्रति भी अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया गया तथा दुर्गा पूजा जैसे पावन पर्व को रोकने का षड्यंत्र रचा गया, जो सीधे–सीधे सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास है और गंभीर आपराधिक श्रेणी में आता है। उन्होंने यह भी कहा कि छद्म सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में मोहम्मद आमिर द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों को लगातार प्रताड़ित किया गया है, जिसकी निष्पक्ष जांच अत्यंत आवश्यक है। साथ ही जिस सरकारी कार्यालय में बैठकर इस प्रकार की भाषा का प्रयोग किया गया, वहां मौजूद संबंधित कर्मचारियों की भूमिका की भी विभागीय जांच कर कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। नगर पालिका अध्यक्ष ने दो टूक शब्दों में कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार सनातन धर्म का अपमान करने और समाज में वैमनस्य फैलाने वालों को बख्शने वाली नहीं है।

ऐसे तत्वों की "गर्मी निश्चित रूप से शांत की जाएगी।"अंत में उन्होंने पुलिस प्रशासन से अपील की कि मामले की तत्काल, निष्पक्ष और सख्त जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति धार्मिक भावनाओं और सामाजिक एकता से खिलवाड़ करने का दुस्साहस न कर सके।

# आलेख्य मतदाता सूची का वाचन सम्पन्न, नागरिकों ने मतदेय स्थलों पर किया नामों का अवलोकन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर।भारत निर्वाचन



आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में जनपद बलरामपुर में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की आलेख्य मतदाता सूची के प्रकाशन के उपरान्त दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की प्रक्रिया के तहत आज जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों (ठस्व्) द्वारा आलेख्य मतदाता सूची को पढ़कर सुनाया गया, जिसका उपस्थित नागरिकों द्वारा ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी विपिन कुमार जैन द्वारा विधानसभा बलरामपुर के अंतर्गत स्थित मतदेय स्थल एमपीपी इंटर कॉलेज, डीएवी इंटर कॉलेज तथा एमएलके पीजी कॉलेज में पहुंचकर आलेख्य मतदाता सूची के वाचन का जायजा लिया गया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बीएलओ से संवाद करते हुए निर्देशित किया कि निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों का शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुए दावे.आपत्तियों की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से भी वार्ता कर कहा कि प्रत्येक मतदाता मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांच लें, तथा किसी प्रकार की त्रुटि/आपत्ति होने पर निर्धारित समयसीमा में दावा.आपत्ति दर्ज कराएं, ताकि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाया जा सके।इस दौरान सभी मतदेय स्थलों पर बीएलओ के पास दावा.आपत्ति से संबंधित आवश्यक आवेदन पत्र फॉर्म–06, फॉर्म–07 एवं फॉर्म–08 उपलब्ध रहे, जिन्हें आवश्यकतानुसार नागरिकों को उपलब्ध कराते हुए भरने में भी सहयोग किया गया।एसडीएम/ईआरओ द्वारा निरन्तर निरीक्षण, सभी मतदेय स्थलों पर वाचन सुनिश्चितजिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में जनपद के समस्त उपजिलाधिकारी/निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (म्त्व्) द्वारा अपने–अपने विधानसभा क्षेत्रों के मतदेय स्थलों का निरन्तर भ्रमण कर निरीक्षण किया गया एवं यह सुनिश्चित किया गया कि प्रत्येक मतदेय स्थल पर आलेख्य मतदाता सूची का विधिवत रूप से पढ़कर सुनाया जाए, जिससे नागरिक बिना किसी कठिनाई के सूची में अपना नाम जांच सकें तथा आवश्यकतानुसार दावा.आपत्ति की कार्यवाही कर सकें।

# वास्थ्य मेले के निरीक्षण में सीएमओ ने परखी व्यवस्थाएं

दैनिक बुद्ध का सन्देश

पयागपुर/बहराइच।सीएमओ डॉ. संजय कुमार शर्मा ने मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का रविवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र पयागपुर के




खुटेहना और रामनगर खजुरीमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मेले में आने वाले मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सकीय परामर्श, दवा वितरण, जांच सुविधाओं एवं पंजीकरण व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले के माध्यम से जनसामान्य को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाया जाए तथा शासन द्वारा संचालित स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी प्रत्येक लाभार्थी तक सुनिश्चित रूप से पहुंचे। सीएमओ बहराइच ने कहा कि मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला आमजन को एक ही स्थान पर गुणवत्तापूर्ण एवं निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि मेले में आने वाले मरीजों के साथ शालीन व्यवहार रखा जाए, दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा गंभीर रोगियों को आवश्यकतानुसार उच्च स्वास्थ्य केंद्रों पर समय रहते रेफर किया जाए। उन्होंने सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का आयोजन पूरी गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ करें, जिससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के जरूरतमंद नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।आयुष्मान गोल्डन कार्ड कैंप के निरीक्षण पर आयुष्मान मित्र रोहित से बनाए गए कार्ड की जानकारी प्राप्त की जिस पर बताया कि आज 19 कार्ड बनाए जा चुके हैं। आरोग्य मेले में क्षेत्र में बचे हुए लोगों को कवर करने के लिए प्रतिदिन शिविर आयोजित कर बनाए जाने के निर्देश प्रभारी चिकित्साधिकारी को दिए गए। पीएचसी पर मिली अव्यवस्था पर संबंधित फार्मासिस्ट और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को सुधार न होने तक वेतन बाधित किया गया है। इस दौरान डिप्टी सीएमओ डॉ संदीप मिश्रा बीपीएम अनुपम शुक्ल डॉ आयुषी सिंह, डॉ अब्दुल वाहिद सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। पयागपुर स्वास्थ्य क्षेत्र में सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जन आरोग्य मेले का आयोजन हुआ। मेले में 79 पुरुष 66 महिलाओं और 45 बच्चों सहित कुल 190 लाभार्थियों को स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर रमना पार्क में स्वावलंबी पूर्व छात्रों की बैठक, नई कार्यकारिणी का गठन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, रमना पार्क में रविवार को स्वावलंबी पूर्व छात्रों की एक महत्वपूर्ण बैठक




आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना एवं पुष्पार्चन के साथ हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजेश नारायण सिंह ने उपस्थित पूर्व छात्रों का कुशल–क्षेम पूछते हुए उनका परिचय प्राप्त किया तथा विद्यालय की वर्तमान उपलब्धियों और शैक्षणिक प्रगति की विस्तार से जानकारी दी। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष डॉ. दिव्य दर्शन तिवारी ने अपने शिक्षाकाल के अनुभव साझा किए और सभी पूर्व छात्रों से विद्यालय के प्रति सदैव समर्पित रहने का आह्वान किया। उन्होंने आगामी योजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए पूर्व छात्र परिषद को और अधिक सक्रिय व व्यापक स्वरूप देने पर बल दिया।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष हरिवंश सिंह, पूर्व छात्र अनुराग पांडेय, डॉ. रवि .ष्ण मिश्र, डॉ. तुलशीष दुबे, संतोष कुमार सिंह, दीपेंद्र सोनी, उज्ज्वल, योगेश तिवारी, अम्बरीष सहित समस्त आचार्यगण उपस्थित रहे।बैठक के दौरान स्वावलंबी पूर्व छात्रों की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें डॉ. तुलशीष दुबे को अध्यक्ष, उज्ज्वल को कोषाध्यक्ष, अनुराग को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, योगेश तिवारी को कनिष्ठ उपाध्यक्ष, राघवेंद्र प्रताप सिंह को महामंत्री, ओम प्रकाश एवं दीपेंद्र सोनी को उपमहामंत्री, अम्बरीष को प्रचार मंत्री तथा संतोष कुमार को संगठन मंत्री मनोनीत किया गया। वहीं सौम्य अग्रवाल को संरक्षक मंडल का दायित्व सौंपा गया। अंत में प्रधानाचार्य बृजेश नारायण सिंह ने आगामी बैठक दिनांक 8 फरवरी 2026 को आयोजित होने की जानकारी देते हुए सभी पूर्व छात्रों से उसमें सहभागिता की अपील की।

# रिपब्लिकन पाटह्न ऑफ इंडिया के कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मेलन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर।रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के तत्वावधान में सादुल्लाह नगर में रविवार को कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष शहंशाह आलम के संयोजन में आयोजित इस सम्मेलन में संगठन विस्तार को लेकर अहम घोषणाएँ की गईं। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष पवन गुप्ता ने बलरामपुर जिले की कमान मानसिंह चौहान को सौंपते हुए उन्हें जिलाध्यक्ष मनोनीत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने जताया विश्वास सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष पवन गुप्त ने कहा कि पार्टी की नीतियों और बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों को जन–जन तक पहुँचाने के लिए संगठन का सशक्त होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि मानसिंह चौहान के नेतृत्व में जिले में पार्टी को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मानसिंह चौहान ने प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि वह पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे।कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह जिलाध्यक्ष की घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सम्मेलन के दौरान संगठन को मजबूत करने और आगामी राजनीतिक रणनीति पर भी चर्चा की गई। इनकी रही प्रमुख उपस्थिति कार्यक्रम में अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष शहंशाह आलम, जिला उपाध्यक्ष बकरीदुल्लाह, जिला पंचायत प्रत्याशी मान सिंह चौहान, समाजसेवी डॉ. मो. कलाम सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जनकपुर में जनसुनवाई व कंबल वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर।विकास खंड गैसड़ी के अंतर्गत ग्राम पंचायत जनकपुर में रविवार को जनसुनवाई एवं कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय स्टेट बैंक जनकपुर से पहले मस्जिद के सामने स्थित मरहूम अनवार खान के पुत्र डॉ. निसार अहमद खान के आवास पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत शाम 5:30 बजे हुई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय ग्रामीणों के नेतृत्व में किया गया। जनसुनवाई के दौरान ग्रामवासियों ने सड़क, बिजली, पानी, आवास, पेंशन एवं अन्य जनसमस्याओं को श्रावस्ती.बलरामपुर सांसद चौधरी राम शिरोमणि वर्मा एवं विधायक गैसड़ी राकेश कुमार यादव जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखा। जनप्रतिनिधियों ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। सांसद चौधरी राम शिरोमणि वर्मा ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुँचाना उनकी प्राथमिकता है। वहीं विधायक राकेश कुमार यादव ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और जनता की समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंद एवं गरीब ग्रामीणों को ठंड से बचाव हेतु कंबलों का वितरण भी किया गया। कंबल पाकर लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी। ग्रामीणों ने इस आयोजन के लिए जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समाजवादी के पूर्व जिला अध्यक्ष परशुराम वर्मा,पंचायत प्रतिनिधि मुशीर खान पप्पू, स्थानीय कार्यकर्ता पूर्व प्रधान जोगी राम यादव,पूर्व बीडीसी सीता राम,युवा समाज सेवी और बूथ प्रभारी सपा अब्दुला, बीडीसी अतिकुर्रेहमान,संजय विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# अज्ञात कारणों से लगी आग दुकान का सामान जलकर हुआ राख

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर।स्थानीय थाना कोतवाली गैसड़ी क्षेत्र अंतर्गत भोजपुर चौराहे पर शनिवार को देर शाम को सचिन वस्त्रालय दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई जिससे दुकान में रखें महंगे कपड़े आदि जलकर पल भर में राख हो गए आग की लपटों को देखकर आसपास के लोगों ने हल्ला गुहार किया एवं दुकान का ताला तोड़कर आग पर काबू पाया। बताते चलें कि प्रोपराइटर सचिन जायसवाल ने बताया कि दुकान में सीसीटीवी सहित अन्य उपकरण व नगदी सहित करीब 15 लाख रुपए की नुकसानी हुई है वही हल्का लेखपाल कुलदीप पांडेय ने बताया कि घटना की जानकारी सुबह मिली है मौके पर पहुंच कर आकलन करके रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजा गया है घटना के संबंध में प्रभारी निरीक्षक दुर्विजय ने बताया कि दुकान में अज्ञात कारणों से आग लगने की सूचना मिली थी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया गया है समाचार लिखे जाने तक कोई तहरीर नहीं दी गई है ।

# पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि किया गया अर्पित

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बहराइच। केन्द्रीय व प्रदेशीय नेतृत्व के आह्वान पर राजीव गांधी पंचायती राज संगठन देवीपाटन मंडल के तत्वावधान में आज सादा जीवन, उच्च विचार,जय जवान जय किसान के जनक पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर गांधी की प्रतिमा पर एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कांग्रेस जनों के द्वारा सामूहिक उपवास रखकर मनरेगा बचाओ संग्राम की शुरुआत की गई। उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाकर तथा सम्पूर्ण योजना को समाप्त कर मोदी सरकार ने गोडसे वादी सोंच को उजागर किया है तथा अडानी अंबानी की जी हुजूरी में देश और समाज के गरीब मजदूर किसानों का भविष्य दांव पर लगा दिया है। कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष रमेश चंद्र मिश्र ने कहा कि देश और समाज के कमजोर, बेसहारों को स्वावलंबी बनाने वाली मनरेगा को समाप्त करने जैसी मंशा को सेवादल हरगिज सफल न होने देगा। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन एवं



सेवादल के प्रशिक्षक विनय सिंह ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री सादगी सत्य और साहस के अद्वितीय प्रतीक थे, गांधी और शास्त्री केवल राजनेता ही नहीं बल्कि नैतिक मूल्यों की जीवंत मिसाल थे, जिन्होंने सीमित संसाधनों के बीच भी देश और समाज को आत्मनिर्भरता, अनुशासन और राष्ट्रीय स्वाभिमान का मार्ग दिखाया था। जय जवान जय किसान का उद्घोष आज भी भारत की आत्मा में गूंजता है,जो जवान की शौर्य गाथा तथा किसानों की मेहनत दोनों का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि भीख नहीं रोजगार चाहिए,खैरात नहीं हक चाहिए। अभिषेक गुप्ता ने कहा कि रोजगार का अधिकार संविधान से मिला है कोई एहसान,दया और खैरात से नही। मालती पासवान ने कहा कि मनरेगा सिर्फ एक योजना नही बल्कि यह गरीबों की रोटी, मजदूरों का सम्मान तथा गांवों के लोकतंत्र की रीढ़ है। जिला महासचिव एवं मीडिया प्रभारी राशिद अली ने कहा कि मनरेगा पर हमला एक तरह से गरीबों की थाली पर हमला है और मजदूरों के आत्म सम्मान तथा भारतीय संविधान की आत्मा पर हमला है। सादात अहमद ने कहा कि जब काम छीना जाता है तो भूख बढ़ती है और जब मजदूरी रोकी जाती है तो अन्याय पलता है तथा गरीबों की आवाज दबाने से लोकतंत्र कमजोर होता है। विष्णु यादव ने कहा कि मनरेगा संग्राम में हम न चुप रहेंगे,न डरेंगे न ही झुकेंगे। हम संगठित होकर सड़क से लेकर संसद तक आवाज बुलंद करेंगे। अवधराम पासवान ने कहा मनरेगा बचेगा तो मजदूर और संविधान जीतेगा। हम कांग्रेस जन अपने अधिकार के लिए लड़ते रहेंगे। इन्द्र कुमार यादव ने कहा मनरेगा बचाओ संग्राम आगामी 28 फरवरी तक चलेगा जिसमें तमाम आन्दोलन, पदयात्रा और रैलियां की जावेगी।जिसकी सफलता के लिए हम कांग्रेस जनों को तन मन धन से जुटना होगा। इस दौरान मनीराम श्रीवास्तव, रवीन्द्र स्वरूप,राम नरेश यादव जगतराम चौहान नवल किशोर मिश्र गोरे,मनोरानी यादव राम गोपाल मिश्र,त्रिलोकी नाथ त्रिवेदी सतेन्द्र मोहन श्रीवास्तव राजन तिवारी सहित कई लोगों ने भाग लिया।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान की प्रगति का आयुक्त ने किया स्थलीय निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोन्डा। आयुक्त देवीपाटन मण्डल शशि भूषण लाल सुशील ने रविवार को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)–2026 के अंतर्गत चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न मतदेय स्थलों पर पहुंचकर बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा दावे एवं आपत्तियों की प्राप्ति से संबंधित कार्यों की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।आयुक्त ने शहीद–ए–आजम भगत सिंह इंटर कॉलेज, लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज एवं जिगर मेमोरियल इंटर कॉलेज का भ्रमण कर वहां रखी गई आलेख्य निर्वाचक नामावलियों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फॉर्म–6, फॉर्म–7 एवं फॉर्म–8 की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिए कि सभी मतदेय स्थलों पर इन प्रपत्रों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।उन्होंने निर्देशित किया कि पात्र नागरिकों के अधिक से अधिक नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए फॉर्म–6 भरवाने पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे कोई भी योग्य मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है और इसमें



सभी कार्मिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने बताया कि बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा अपने–अपने बूथों से संबंधित आलेख्य मतदाता सूची का पाठन कार्य किया जा रहा है।इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन, शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाना है, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर मिल सके। उन्होंने सभी बीएलओ को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ करने के निर्देश दिए।उन्होंने जनपद के समस्त मतदाताओं से अपील की कि वे अपने नाम की जांच आलेख्य मतदाता सूची में अवश्य कर लें। यदि किसी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है अथवा नाम, पता, आयु आदि में कोई त्रुटि पाई जाती है, तो उसका समय रहते सुधार कराया जा सकता है। पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए फॉर्म–6 संबंधित बीएलओ के पास ऑफलाइन अथवा ऑनलाइन माध्यम से भरकर जमा कर सकते हैं। मतदाता सूची में दावे एवं आपत्तियां दर्ज कराने की अंतिम तिथि 06 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है।निरीक्षण के दौरान जारी की गई मतदाता सूची में कुछ स्थानों पर मतदाताओं के पुराने एवं धुंधले (ब्लर) फोटो पाए जाने पर आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त की और स्पष्ट निर्देश दिए कि मतदाता सूची में सभी फोटो दुरुस्त कराए जाएं। उन्होंने कहा कि मतदाता की फोटो स्पष्ट, विजिबल एवं अपडेट होनी चाहिए, ताकि पहचान में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।अंत में आयुक्त ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती मतदाताओं की सक्रिय सहभागिता से ही संभव है, इसलिए सभी पात्र नागरिक निर्धारित समय–सीमा के भीतर मतदाता सूची की जांच कर आवश्यक सुधार अवश्य कराएं और लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपनी सहभागिता निभाएं।

# कंपनी के सहयोग से सीमा को प्रदान की गई आर्थिक सहयोग

दैनिक बुद्ध का संदेश

रुधौली/बस्ती ।स्वर्गीय राम भूषण चतुर्वेदी की पत्नी सीमा को



कंपनी के सहयोग से आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। यह सहयोग राशि कंपनी की सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत उपलब्ध कराई गई, जिसका उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को कठिन समय में संबल देना है। स्वर्गीय राम भूषण चतुर्वेदी के निधन के बाद परिवार पर आए आर्थिक संकट को देखते हुए कंपनी प्रबंधन ने मानवीय आधार पर सहायता का निर्णय लिया।कार्यक्रम के दौरान कंपनी के प्रतिनिधियों ने सीमा को सहयोग धनराशि का चेक सौंपा और परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। सीमा ने कंपनी प्रबंधन और सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कठिन समय में मिली यह सहायता उनके परिवार के लिए बड़ी राहत है। स्थानीय लोगों ने भी कंपनी के इस कदम की सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।कार्यक्रम शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें कंपनी के अधिकारी,संजय चौधरी, राज बिहारी शुक्ला, मेजर उमेश चन्द्र पांडेय, चंद्रभान, अशोक पांडेय, द्वारिकाधीश, लालमणी, प्रभाकर, घनश्याम दूबे, श्रीकेश आदि स्थानीय गणमान्य लोग एवं परिजन उपस्थित रहे।

# मनरेगा में खुला फर्जीवाड़े का खेल, खमरिया ग्राम पंचायत में सरकारी धन की खुली लूट

रामबिलास प्रजापति/

दैनिक बुद्ध का संदेश

संतकबीर नगर। के विकासखंड सेमरियाबाद अंतर्गत ग्राम पंचायत खमरिया में मनरेगा योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। यहां कथित नकली प्रधान, सचिव एवं रोजगार सेवक की मिलीभगत से सरकार के धन को खुलेआम लूटा जा रहा है।मनरेगा के तहत रामजतन के खेत से कब्रिस्तान तक चक रोड पटाई कार्य में भारी फर्जीवाड़ा सामने आया है। कार्यस्थल पर रोजाना 70 मजदूरों की फर्जी हाजिरी एक ही फोटो के सहारे लगाई जा रही है। जहां पुरुष की फोटो लगी है, वहां महिलाओं के नाम दर्ज हैं और जहां महिलाओं के नाम लिखे गए हैं, वहां पुरुषों की हाजिरी दर्शाई जा रही है।सूत्रों के अनुसार यह पूरा खेल ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों की सरपरस्ती में संचालित हो रहा है।

भ्रष्टाचार में लिप्त लोग ही दूसरों को नियम–कानून का पाठ पढ़ाते नजर आ रहे हैं।गौरतलब है कि ग्राम पंचायत खमरिया में मनरेगा के तहत पूर्व में कराए गए कार्यों एवं फर्जी भुगतान को लेकर जिलाधिकारी संत कबीर नगर से शिकायत भी की जा चुकी है। इसके बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं और भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलंद हैं।पूर्व में खबरें प्रकाशित होने के बाद मनरेगा उपायुक्त एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कार्रवाई भी की गई थी, लेकिन प्रधान, सचिव व रोजगार सेवक भ्रष्टाचार करने से बाज नहीं आ रहे हैं और सरकारी योजनाओं को लूट का जरिया बनाए हुए हैं।इस सम्बन्ध में मनरेगा आयुक्त ने कहा की मामला संज्ञान में आया तो जांच कर कार्रवाई होगी।अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस बार भ्रष्टाचारियों पर सख्त अंकुश लगाएगा या ग्राम पंचायत खमरिया में मनरेगा भ्रष्टाचार यूं ही जारी रहेगा।

# लाख कोशिश के बाद भी ऱतार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा,फिर हुआ दुर्घटना

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोन्डा। जनपद के थाना छपिया क्षेत्रांतर्गत रविवार सुबह ऱतार का कहर कहे या घने कोहरे के चलते लापरवाही फिर घटी दुर्घटना। प्राप्त जानकारी के अनुसार मसकनवा. चांदनी चौक (अयोध्या) मार्ग पर फुटहिया बाजार शीतलगंज के पास भीषण सड़क हादसा हो गया। गौरा चौकी मसकनवां की ओर से लखनऊ जा रही लखनऊ एक्सप्रेस बस और बोरा लादकर मसकनवा आ रही एक ओवरलोड डीसीएम की आमने–सामने जोरदार टक्कर हो गई।टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन आगे से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। दोनों की भीड़त इतनी जोरदार थी की हादसे



में डीसीएम चालक विजय पाल पुत्र राम उचित,निवासी महंगूपुरवा (अयोध्या) घायल हो गया,उसे उपचार के लिए एक निजी चिकित्सक के यहां ले जाकर प्राथमिक उपचार कराया गया।गनीमत की बात यह रही कि बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित बताए गए हैं कोई हताहत की बात नही बताई गई।हादसे के बाद लखनऊ एक्सप्रेस बस का चालक मौके से फरार हो गया।सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस बल सहित पहुंची और जेसीबी की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया।चौकी प्रभारी मसकनवा सुरेश यादव ने बताया कि घने कोहरे के कारण हादसा हुआ है,जिससे यह दुर्घटना हुई।डीसीएम चालक को हल्की चोटें आई हैं।बस चालक की तलाश की जा रही है तथा तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।


# डेढ़ साल बाद भी तैयार नहीं हो सका विद्यालय का शौचालय

## उच्च प्राथमिक विद्यालय जब्बार में अधूरा पड़ा शौचालय

दैनिक बुद्ध का संदेश

मेंहदावल। उच्च प्राथमिक विद्यालय जब्बार में तीन शौचालय





का निर्माण होना था। निर्माण कार्य शुरू भी हुआ, लेकिन डेढ़ वर्ष से शौचालय अधूरा पड़ा हुआ है। इससे छात्र–छात्राओं तथा अध्यापकों को काफी दिक्कत हो रही है। प्रधानाध्यापक के शिकायत के बाद भी खंड विकास कार्यालय के जिम्मेदार नहीं चेत रहे हैं। जिसको लेकर लोगों ने नाराजगी जताई है। मेंहदावल विकास खंड ग्राम पंचायत से उच्च प्राथमिक विद्यालय जब्बार में तीन शौचालय का निर्माण होना था। दिव्यांग तथा बालिका एवं छात्रों के लिए शौचालय बनने थे। लगभग आठ लाख रुपये की लागत से शौचालय का निर्माण कराया जाना था। जबकि उक्त काम एक ठेकेदार से कराई जा रही थी ।निर्माण कार्य शुरू भी हुआ लेकिन पूरा नहीं हो पाया। आधा अधूरा निर्माण कार्य विद्यालय में अध्ययन कर रहे छात्र–छात्राओं तथा अध्यापकों की समस्या बढ़ा रहा है। प्रधानाध्यापक राजकुमार ने लिखित रूप से कई बार खंड विकास कार्यालय को शौचालय निर्माण के लिए पत्राचार किया। लगभग डेढ़ वर्ष से शौचालय की दीवाल खड़ी है लेकिन निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हुआ।

# एसडीएम ने चकरोड मामले में हुई सख्त,मौके पर पहुंचकर किया निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोन्डा। जनपद के कर्नलगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत दुर्गोड़वा में शनिवार को चकरोड से जुड़े मामलों को लेकर



उपजिलाधिकारी कर्नलगंज नेहा मिश्रा ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया।स्थानीय लोगों से प्राप्त जानकारी के अनुसार निरीक्षण के दौरान चकरोड की स्थिति,अतिक्रमण एवं संबंधित अभिलेखों की गहनता से जांच की गई।उपजिलाधिकारी ने संबंधित राजस्व अधिकारियों, लेखपाल व अन्य कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि चकरोड से जुड़े मामलों में नियमों के अनुरूप त्वरित व प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। एसडीएम ने कहा कि ग्रामीणों के आवागमन में बाधा डालने वाले किसी भी अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा३

# संदिग्ध परिस्थितियों में तालाब में मां और दो बेटियों का शव उतराता हुआ मिला

## परिजनों के द्वारा तहरीर देने पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

पयागपुर/बहराइच। पयागपुर थाना अंतर्गत पयागपुर बस अडडा पर स्थित तालाब में मां और दो बेटियों का शव उतराता मिला। लोगों के द्वारा सूचना देने पर स्थानीय पुलिस ने पहुंचकर शव को तालाब से निकलवाकर पोस्ट मार्टम के लिए बहराइच भेज दिया। तीन शव तालाब में उतराते मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मिली जानकारी अनुसार बेटियां पैदा होने को लेकर पति विष्णु अपनी पत्नी आशा को यातनाएं देता था , साथ ही साथ सास,



ससुर महिला की बेरहमी से पिटाई भी करते थे। तीनों मृतक 35 वर्षीय आशा, 7 वर्षीय मिष्ठी, 2 वर्षीय नंदनी पयागपुर थाना क्षेत्र निवासी बताए जा रहे हैं। 12 साल पहले महिला का विष्णु के साथ विवाह हुआ था। तीन बेटियां पैदा हुई इसके बाद विष्णु ने अपनी पत्नी को बेटे की चाहत में मारना पीटना शुरू कर दिया। फिर संदिग्ध परिस्थितियों में तालाब में मां और दो बेटियों का शव उतराता हुआ मिला। मौके पर पहुंचे परिजनों ने नामजद तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई तत्पश्चात परिजनों ने लड़की के ससुराल पक्ष पर हत्या कर तालाब में फेंके जाने का आरोप लगाया। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया।

# मनरेगा बचाने की मांग को लेकर कांग्रेस नेताओं ने उपवास कर दिया संदेश

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। काम के अधिकार की रक्षा के लिये कांग्रेस ' मनरेगा




बचाओ संग्राम' का राष्ट्रव्यापी अभियान रविवार को भी जारी रहा। पार्टी नेताओं कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर उपवास कर मनरेगा बचाने का संदेश दिया।उपवास कार्यक्रम के बाद शहर अध्यक्ष शौकत अली नन्हू, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष डा.वाहिद अली सिद्दीकी, संदीप श्रीवास्तव, सुरेन्द्र मिश्रा अलीम अख्तर आदि ने कहा कि मनरेगा का नाम बदलकर भाजपा की सरकार ने जो नया कानून वीबीजीआरएएमजी कानून लागू किया है उसने काम के अधिकार की वैधानिक गारंटी समाप्त कर दिया है। मनरेगा ग्रामीण आजीविका का महत्वपूर्ण रीढ था किन्तु भाजपा ने उसके मूल चेतना पर हमला कर नये कानून में काम के अधिकार को समाप्त कर दिया है। इससे मनरेगा मजदूरों के अस्तित्व के साथ ही उनके कार्य करने के अधिकार पर खतरा मड़रा रहा है। कांग्रेस इस जन विरोधी निर्णय के मामले में चुप नहीं रहेगी और 25 फरवरी तक चरणबद्ध ढंग से आन्दोलन कर इसे आम जनता तक ले जाया जायेगा ।कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित उपवास कार्यक्रम में मुख्य रूप से राम धीरज चौधरी, राकेश मणि त्रिपाठी, अतिउल्लाह सिद्दीकी, राकेश पाण्डेय, आशुतोष पाण्डेय, एडवोकेट, अमर बहादुर शुक्ला, विनय तिवारी, शिवनारायण पाण्डेय, एडवोकेट, दिलीप श्रीवास्तव, जयप्रकाश अग्रहरि, जगदीश शर्मा शुभम गांधी आदि शामिल रहे।

# उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराई गुट की आवश्यक बैठक सम्पन

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराई मंडल गोरखपुर की एक अति आवश्यक बैठक वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर जयप्रकाश नायक की अध्यक्षतास्थानीय सेंट एंड्रयूज इंटर कॉलेज के सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में गोरखपुर मंडल के सभी ज़िलों के अध्यक्ष/ मंत्री /प्रांतीय पदाधिकारी/कार्यकारणी के सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।बैठक में गोरखपुर जनपद इकाई एवं मंडल इकाई के पुनर्गठन पर चर्चा, ठकुराई गुट द्वारा पूरे प्रदेश में भावी संघर्ष के कार्यक्रमों पर चर्चा तथा प्रांतीय सम्मेलन पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में प्रधानाचार्य परिषद के नव निर्वाचित प्रदेश उपाध्यक्ष श्री दीन दयाल गुरुजी प्रधानाचार्य जनता इंटर कॉलेज चारगांवा, प्रांतीय संजुत मंत्री वाचस्पति शुक्ल प्रधानाचार्य नारायण इंटर कॉलेज रामपुर पांडेय, जिला कार्यकारी अध्यक्ष डॉक्टर गिरिजेश पांडेय प्रधानाचार्य नेहरु इंटर कॉलेज अमाहिया तथा जनपदीय कोषाध्यक्ष डॉक्टर हरेराम मिस्र का फूल मालाओं, बूकैंतथा साल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। बैठक का संचालन हीरालाल तोड़ ने



किया।बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर जयप्रकाश नायक ने कहा कि दिनांक 28/12/2025 को बिना जिला/ मंडल कार्यकारिणी को अपने विश्वास में लिए अवैधानिक और मनमाने ढंग से किया गया मनोनयन सर्वथा अस्वीकार्य है।जिसका समर्थन चारों जनपद गोरखपुर, देवरिया,कुशीनगर और महाराजगंज से आए पदाधिकारी आप लिख सदस्यों ने किया है। इसलिए संगठन के शीर्ष प्रांतीय नेतृत्व से अनुरोध है कि केंद्रीय पर्यवेक्षक निगरानी में एक सप्ताह में निष्पक्ष चुनाव की प्रक्रिया शुरू करें। इस संबंध में जिलाध्यक्ष हीरालाल गौड़ द्वारा बड़ी संख्या में हस्ताक्षरित प्रतिवेदन प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर उमेश त्यागी और महामंत्री श्री लाल मणि द्विवेदी को प्रेषित कर दिया गया है। श्री नायक ने संगठन के आगामी संघर्ष में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करने का अनुरोध किया तथा आगामी प्रांतीय सम्मेलन को शानदार बनाने की अपील की। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता राजेश मिश्रा ने कहा कि कुछ तथाकथित भितरघाति लोग संगठन को बर्बाद करने का कार्य कर रहे हैं। जिसको आख़िरी साँस तक क़ामयाब नहीं होने दिया जाएगा। अपने संबोधन में पूर्व प्रांतीय मंत्री राम बाल त्रिपाठी ने कहा कि कुछ कर्मण्य और चापलूस पर प्रवृत्ति के लोग संगठन को तोड़ने पर आमादा हैं, इनका यहाँ कु.त्य मंडल के समस्त स्वाभिमानी शिक्षकों के संज्ञान में है। हमारी माँग ज़िले व मंडल के निष्पक्ष चुनाव की है। इसे हार हाल में पूरा कराया जाएगा। बैठक को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आशनारायण राय,डॉक्टर गिरिजेश पांडेय, वाचस्पति शुक्ला,दीनदयाल गुरुजी ,डॉक्टर हरेराम मिस्र. अरविंद सिंह प्रधानाचार्य उदित नारायण इंटर कॉलेज पडरौना, संजय कुमार प्रधानाचार्य महादेव प्रसाद इंटर कॉलेज श्रीमती क्षमा पाण्डेय,राजाराम देवरिया,हीरा लाल गौड़, ताज अजय श्रीवास्तव, विशाल राव ,समीप राव श्रीकांत यादव ,राज किशोर यादव ,संजय कुमार गुप्ता ,नागेश्वर, मनीष कुमार अरहरि ,संजय कुमार मिश्र आदि ने संबोधित करते हुए अपने विचार रखे।बैठक में राजनाथ बंसूराम, संजय त्रिपाठी ,अरविंद वर्मा ,घनश्याम, दुर्गेश कुमार ,गणेश विश्वकर्मा ,जयंत यादव ,नागेंद्र चौहान ,अजय कुमार, शशि विंदू नारायण मिश्र, पृथ्वी प्रकाश गौड़, आदित्य निगम आदि सहित भारी संख्या में उपस्थित होकर जिला/ मंडल कार्यकारिणी के चुनाव की माँग की।

# संत कबीर नगर :सरकारी धन का घोटाला, ग्रामीणों को नहीं मिल रहा स्वच्छ जल

दैनिक बुद्ध का संदेश

संतकबीरनगर ।मेहदवाल में सरकारी धन का घोटाला सामने आया है। यहां के पचनेवरी ग्राम सभा में हैंडपंप मरम्मत और रिबोर के नाम पर 57266 रुपये खर्च किए गए हैं, लेकिन हैंडपंप अभी भी सूखा पड़ा हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारी और




ग्राम प्रधान सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहे हैं।ग्रामीण लक्ष्मण यादव ने बताया कि गांव में एक हैंडपंप लगा था, जो कई वर्षों से पानी नहीं दे रहा था। ग्राम सभा के प्रधान द्वारा रिबोर कराने के बावजूद भी पानी नहीं आ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की मंशा है कि ग्रामीणों को स्वच्छ जल मुहैया कराया जाए, लेकिन अधिकारी और ग्राम प्रधान सरकारी धन का बंदर बांट कर रहे हैं।सचिव नेहा सिंह से जब संपर्क साधा गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ही कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ही कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। हमें उम्मीद है कि प्रशासन इस मामले में जल्द ही कार्रवाई करेगा और ग्रामीणों को स्वच्छ जल मुहैया कराएगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक :- श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट-हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद-सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं मकान नं. 203 निकट बी.एस.एन.एल. टावर खलवा मोहल्ला, नगर पालिका परिषद बलरामपुर, जनपद- बलरामपुर, उ0प्र0-271201 से प्रकाशित | आर.एन.आई. नं0- UPHIN/2021/86502 | सम्पादक- राजेश कुमार शर्मा

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद-सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# रानी मुखर्जी की फिल्म मर्दानी 3 की नई रिलीज डेट आई सामने, एक बार फिर बुराई खत्म करने निकली शिवानी शिवाजी रॉय




मर्दानी 3 इस साल की मोस्ट अवेटिड फिल्मों में से एक हैं. फैंस इस फिल्म का लंबे समय से इंतजार कर रहे थे मगर अब ये इंतजार ज्यादा दिन का नहीं होने वाला है. रानी मुखर्जी एक बार फिर सुपरकॉप शिवानी शिवाजी रॉय बनकर वापसी कर रही हैं. रानी मुखर्जी को बड़े पर्दे पर देखना शानदार होगा.

मेकर्स ने मर्दानी 3 की रिलीज डेट की अनाउंसमेंट कर दी है. इसके साथ ही फिल्म का नया पोस्टर भी रिलीज किया है.

पोस्टर में रानी मुखर्जी भारत में लापता हुईं लड़कियों को ढूंढती नजर आ रही हैं. उनका इस बार अंदाज बिल्कुल पहले की तरह ही है. बस इस बार एक्शन और ज्यादा नजर आएगा. यशराज फिल्म्स ने सोशल मीडिया पर पोस्टर शेयर करके जानकारी दी है कि फिल्म 30 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है. उन्होंने फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा– वो तब तक नहीं रुकेगी, जब तक वह उन सभी को बचा नहीं लेती! रानी मुखर्जी निडर पुलिस ऑफिसर शिवानी शिवाजी रॉय के रूप में मर्दानी 3 में वापस आ रही हैं. बचाव अभियान 30 जनवरी को आपके नजदीकी सिनेमाघरों में शुरू होगा. बता दें मर्दानी 3 पहले सिनेमाघरों में 27 फरवरी को रिलीज होने वाली थी. मगर अब इस फिल्म को जल्दी रिलीज किया जा रहा है. फिल्म की रिलीज डेट पहले आने से फैंस बहुत एक्साइटेड हैं और पोस्टर देखकर ढेर सारे कमेंट कर रहे हैं. यशराज ने जो पोस्टर शेयर किया है उस पर फैंस ढेर सारे कमेंट कर रहे हैं. एक ने लिखा–रानी इज बैक. वहीं दूसरे ने लिखा– फिल्म का लंबे समय से इंतजार कर रहे थे. एक ने लिखा– फाइनली. मर्दानी 3 को अभिराज मीनावाला ने डायरेक्ट किया है और इसे प्रोड्यूस आदित्य चोपड़ा ने किया है. फिल्म को लेकर लोगों में काफी एक्साइटमेंट देखने को मिल रहा है.

# विजय सेतुपति ने प्रिया भवानी शंकर की फिल्म हॉटस्पॉट 2 का ट्रेलर किया रिलीज




अभिनेता विजय सेतुपति ने मंगलवार को निर्देशक विग्नेश कार्तिक की आगामी मनोरंजक फिल्म श्हॉटस्पॉट 2श्व का ट्रेलर रिलीज किया, जिसे देखकर प्रशंसकों और फिल्म प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। विजय सेतुपति ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फिल्म का ट्रेलर साझा करते हुए पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा कि श्हॉटस्पॉट 2श्व का ट्रेलर आज के दौर से जुड़ी कई सामाजिक और सांस्कृतिक बातों पर व्यंग्य करता है। हाल ही में जारी ट्रेलर से साफ होता है कि श्हॉटस्पॉटश्व फ्रेंचाइजी की यह दूसरी किस्त भी पहली फिल्म की ही तर्ज पर हास्य और व्यंग्य से भरपूर होगी। ट्रेलर की शुरुआत एक मां और उसकी किशोर बेटी की बातचीत से होती है, जिसमें मां बेटी से उसके बॉयफ्रेंड की जाति के बारे में पूछती है। इस पर बेटी जवाब देती है, वे हमारे ही लोग हैं, क्या आप उन्हें देखकर नहीं पहचान सकतीं? मां जब हैरानी जताती है तो बेटी मजाकिया अंदाज में कहती है, उनकी पूंछ नहीं है, मतलब वे हमारी ही प्रजाति के हैं।

ट्रेलर में अभिनेता अश्विन कुमार का एक दृश्य भी दिखाया गया है, जिसमें वह अपने नशे में धुत दोस्त पर नाराज होते हैं कि वह उनकी श्जरूरी बातश्व के दौरान सो रहा है। जवाब में दोस्त कहता है, सॉरी मचान, जो कहानी मुझे पसंद नहीं आती, उसमें नींद आ ही जाती है। यह सीन कुछ साल पहले अश्विन कुमार से जुड़े एक विवाद की ओर भी इशारा करता है।

ट्रेलर में यह भी दिखाया गया है कि रक्षन और आदित्य बास्कर फिल्मी सितारों के कट्टर प्रशंसकों की भूमिका में नजर आएंगे। वहीं, प्रिया भवानी शंकर की भूमिका को लेकर फिलहाल सस्पेंस बना हुआ है, हालांकि एक दृश्य में वह उम्रदराज हीरो के साथ युवा अभिनेत्री को कास्ट किए जाने के चलन पर टिप्पणी करती दिखती हैं।

इसके अलावा, फिल्म में सशक्त महिला किरदार भी नजर आते हैं, जो डिंक (डबल इनकम, नो किड्स) फैमिली और कफिंग रिलेशनशिप जैसे आधुनिक विचारों पर खुलकर बात करती हैं।

विग्नेश कार्तिक के निर्देशन में बनी इस फिल्म में प्रिया भवानी शंकर, थम्बी रामैय्या, रक्षन, अश्विन कुमार और आदित्य बास्कर मुख्य भूमिकाओं में हैं। इनके अलावा एम. एस. भास्कर, भवानी श्री, ब्रिगिडा सागा और संजना तिवारी भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगी।

दिलचस्प बात यह है कि इस फिल्म को अभिनेता विष्णु विशाल के प्रोडक्शन हाउस विष्णु विशाल स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है।

फिल्म की सिनेमैटोग्राफी जगदीश रवि और जोसेफ पॉल ने की है। संगीत सतीश रघुनाथन का है, जबकि संपादन मुथायन यू. ने किया है। कला निर्देशन सी. शण्मुगम ने संभाला है और किशोर शंकर इस फिल्म के सह–निर्देशक हैं।

# नायरा बनर्जी ने बताया, कैसे एक वीडियो कॉल ने बदल दी उनकी फिल्मी दुनिया

अभिनेत्री नायरा बनर्जी अपनी आने वाली फिल्म वन टू चा चा चा को लेकर काफी चर्चाओं में है। यह फिल्म कॉमेडी, अफरातफरी और किरदारों से भरपूर मनोरंजन का जबरदस्त पैकेज है। इस



फिल्म में अभिनेता आशुतोष राणा लीड रोल में हैं। नायरा बनर्जी ने अपनी फिल्म, अनुभव और अभिनय सफर के बारे में खुलकर बात की। नायरा बनर्जी ने कहा, फिल्म की कहानी सुनते ही मैंने तुरंत इसका हिस्सा बनने की ठान ली थी। निर्देशक और लेखक अभिषेक ने मुझे वीडियो कॉल के जरिए पूरी कहानी सुनाई। उस समय मैं दुबई में थी, उन्होंने करीब दो घंटे तक कहानी इतनी ऊर्जा, भाव और उत्साह के साथ सुनाई कि मेरे होश उड़ गए। मुझे कहानी की हर बारीकी और भावना को समझाया। उसी वक्त मैंने तय कर लिया कि मुझे यह फिल्म करनी है। फिल्म के कास्ट के बारे में नायरा बनर्जी ने कहा, जब मैंने जानना चाहा कि कौन–कौन इसमें काम कर रहा है, तो मेरे लिए सबसे ज्यादा चौंकाने वाला नाम आशुतोष राणा था, जो चाचा के रोल में थे। मैंने उन्हें हमेशा गंभीर और सशक्त किरदारों में देखा हैय ऐसे में इस नई भूमिका में उन्हें देखना बिल्कुल नया और ताजगी भरा अनुभव लगा।

उन्होंने कहा, मुकेश तिवारी, अभिमन्यु सिंह, आनंद जोशी, ललित प्रभाकर और हर्ष मायर जैसे अनुभवी कलाकारों के साथ काम करना चुनौतीपूर्ण लेकिन सीखने वाला रहा। मेरे ज्यादातर सीन अभिमन्यु सिंह और आशुतोष राणा के साथ थे, जिनके सामने अपनी एक्टिंग बनाए रखना आसान नहीं था।

नायरा बनर्जी ने अपने किरदार की खासियत के बारे में बताते हुए कहा, शूटिंग के पहले दिन से ही मुझे डांस करने का मौका मिला। मेरा डांस शेड्यूल कई दिनों तक चला। फिल्म का यह गाना इश्क ढिशूम अब ट्रेंड कर रहा है और लोगों को बहुत पसंद आ रहा है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि इसका ऐसा जबरदस्त रिस्पॉन्स मिलेगा। नायरा बनर्जी ने आशुतोष राणा के साथ काम करने के अनुभव को साझा करते हुए कहा, मेरे लिए सबसे बड़ी चुनौती बिहारी एक्सेंट था। मैंने पहले ऐसा रोल कभी नहीं किया था। लेकिन आशुतोष के साथ रोमांटिक सीन करते समय उस एक्सेंट में काम करना मेरे लिए बेहद मजेदार और प्यारा अनुभव साबित हुआ। सेट पर हर वक्त मजेदार माहौल रहता था। कोई ना कोई हमेशा मजाक करता रहता था और सभी एक–दूसरे की एक्टिंग देखकर हंसते रहते थे। कभी–कभी मुझे मुंह पर हाथ रखना पड़ता था ताकि शूटिंग के दौरान हंसी ना फूटे।

# द राजा साब की एंट्री से फुस्स हुई धुरंधर, 36वें दिन हुआ सबसे कम कलेक्शन




रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर ने बॉक्स ऑफिस पर अपना ऐतिहासिक प्रदर्शन जारी रखते हुए पांचवें सप्ताह में भी रिकॉर्ड तोड़ कमाई की. इस स्पाई थ्रिलर ने 5वें हफ्ते में 51 करोड़ से ज्यादा का शानदार नेट कलेक्शन किया और छावा को आसानी से पीछे छोड़ दिया, जिसने इसी ड्यूरेशन में लगभग 30 करोड़ नेट कलेक्शन के साथ रिकॉर्ड बनाया था. वहीं अब धुरंधर रिलीज के छठे हफ्ते में एंट्री कर गई है. चलिए यहां जानते हैं इस फिल्म रिलीज के छठे फ्राइडे यानी 36वें दिन कितना कलेक्शन किया है? रणवीर सिंह की धुरंधर को सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक महीने से ज्यादा हो गया है लेकिन मजाल है कि ये फिल्म थकने नाम ले रही हो. लेकिन प्रभास की नई रिलीज द राजा साब के आगे इस फिल्म की कमाई की रफ्तार को झटका लगा है और इसने अब तक का सबसे कम कलेक्शन किया है. हालांकि स्ट्रॉन्ग माउथ पब्लिसिटी, रिपीट ऑडियंस और मल्टीप्लेक्स और मास बेल्ट दोनों जगह लगातार आने वाले दर्शकों की संख्या के कारण यह फिल्म अब भी बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए है. वहीं अब ये रिलीज के 6ठे हफ्ते में एंट्री कर चुकी है. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक इसने छठे फ्राइडे यानी 36वें दिन 3.50 करोड़ का कलेक्शन किया है. जिसके बाद भारत में इसकी नेट कमाई 793.75 करोड़ रुपये हो गई है. द राजा साब के रिलीज होते ही श्धुरंधरश्व की कमाई को झटका लगा है और इसने फ्राइडे को अब तक का सबसे कम कलेक्शन किया है. बता दें कि द राजा साबश्व की ओपनिंग डे की कुल कमाई 63. 3 करोड़ रुपये रही है. वहीं हिंदी में इसने 6. 15 करोड़ कमाए हैं. ऐसे में हिंदी में इसने फ्राइडे को श्धुरंधरश्व के कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया. श्धुरंधरश्व ने अपने छठे शुक्रवार को 3.50 करोड़ कमाए हैं. धुरंधर छठे शनिवार तक 800 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लेगी, ये उपलब्धि अब तक सिर्फ अल्लू अर्जुन स्टारर श्पुष्पा 2रू द रूलश्व ने हासिल की है. बॉलीवुड की यह मेगा ब्लॉकबस्टर फिल्म पुष्पा 2 के 812 करोड़ रुपये के भारतीय नेट कलेक्शन को पीछे छोड़ने के लिए तैयार है और मौजूदा ट्रेंड को देखते हुए, अगले कुछ दिनों में ही यह रिकॉर्ड तोड़कर भारतीय बॉक्स ऑफिस पर अब तक की सबसे बड़ी हिंदी फिल्म बन जाएगी. पुष्पा 2 का आंकड़ा पार करने के बाद, धुरंधर न सिर्फ हिंदी सिनेमा के रिकॉर्ड तोड़ेगी बल्कि भारतीय सिनेमा में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली सिंगल भाषा की फिल्म भी बन जाएगी. ये फिल्म अब इतिहास रचने के करीब पहुंच रही है. वहीं अगस्त्य नंदा की फिल्म श्इक्कीसश्व साल 2026 की पहली बॉलीवुड रिलीज फिल्म है। हालांकि, क्रिटिक्स की अच्छी प्रतिक्रिया के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। 9वें दिन शुक्रवार को फिल्म की कमाई लाखों में सिमट गई और श्इक्कीसश्व सिर्फ 85 लाख रुपए का कलेक्शन ही कर पाई। इस तरह से 9 दिनों में श्इक्कीसश्व का कुल कलेक्शन 26.35 करोड़ रुपए तक ही पहुंच पाया है।

# कामकाजी महिलाएं जरूर अपनाएं ये 5 फैशन टिप्स, हमेशा लगेंगी खूबसूरत



कामकाजी महिलाओं के लिए सही कपड़े चुनना कभी–कभी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। ऑफिस के माहौल में पेशेवर दिखना और साथ ही आरामदायक महसूस करना जरूरी है। सही कपड़े न केवल आत्मविश्वास बढ़ाते हैं बल्कि पेशेवर छवि भी मजबूत करते हैं। इस लेख में हम कुछ ऐसे फैशन टिप्स साझा करेंगे, जो कामकाजी महिलाओं के लिए मददगार साबित हो सकते हैं और उन्हें हर दिन स्टाइलिश और आत्मविश्वासी बनाए रख सकते हैं।

सही फिटिंग वाले कपड़े पहनें

कपड़ों की फिटिंग सबसे अहम होती है। ढीले या बहुत कसकर फिट होने वाले कपड़े न पहनें क्योंकि ये आपके लुक को बिगाड़ सकते हैं। सही फिटिंग वाले कपड़े न केवल आपको आरामदायक महसूस कराएंगे बल्कि पेशेवर छवि भी देंगे। अगर आपके पास सही साइज के कपड़े नहीं हैं तो उन्हें सिलवा लें या फिर सही साइज के कपड़े खरीदें। ध्यान रखें कि आपके कपड़े आपके शरीर के आकार के अनुसार होने चाहिए।

रंगों का चयन सोच–समझकर करें: रंगों का चयन करते समय ध्यान रखें कि वे पेशेवर दिखें और आपके व्यक्तित्व को उभारें। काले, नीले, भूरे जैसे रंग ऑफिस के लिए बेहतरीन होते हैं क्योंकि ये गंभीरता और पेशेवरता का एहसास दिलाते हैं। हालांकि, आप चाहें तो हल्के पेस्टल रंग भी चुन सकती हैं, जो ताजगी और नयापन लाते हैं। इसके अलावा आप अपने कपड़ों में छोटे–छोटे रंगीन एक्सेंट जोड़ सकती हैं, जैसे कि दुपट्टा या बेल्ट, जो आपके लुक को खास बनाएंगे।

कपड़ों की गुणवत्ता पर ध्यान दें

कपड़ों की गुणवत्ता बहुत जरूरी होती है। सस्ते कपड़े जल्दी खराब हो जाते हैं और उनका लुक भी अच्छा नहीं लगता। इसलिए हमेशा अच्छी गुणवत्ता वाले कपड़े ही खरीदें। सूती, लिनेन और ऊनी कपड़े सबसे अच्छे विकल्प होते हैं क्योंकि ये लंबे समय तक चलते हैं और आरामदायक भी होते हैं। इसके अलावा इनकी देखभाल करना भी आसान होता है। अच्छे कपड़ों का चुनाव आपके पेशेवर लुक को निखारता है और आपको आत्मविश्वासी बनाता है।

एक्सेसरीज का सही उपयोग करें

एक्सेसरीज आपके लुक को पूरा करती हैं इसलिए इन्हें नजरअंदाज न करें। हालांकि, एक्सेसरीज चुनते समय संतुलन बनाए रखें ताकि आपका लुक ज्यादा बनावटी न लगे। छोटे कान की बालियां, एक साधारण घड़ी और एक अच्छी गुणवत्ता वाला हैंडबैग आपके लुक को खास बनाएंगे। इसके अलावा आप हल्के गहनों का भी चयन कर सकती हैं, जो आपके व्यक्तित्व को उभारेंगे और आपको आत्मविश्वासी बनाए रखेंगे। सही एक्सेसरीज आपके पेशेवर लुक को निखारती हैं।

फुटवियर्स का चयन सोच–समझकर करें

फुटवियर्स का चयन करते समय आरामदायक होने के साथ–साथ स्टाइलिश भी होना चाहिए। हाई हील्स फुटवियर्स पहनना चाहती हैं तो मध्यम ऊंचाई वाले चुनें जो पूरे दिन पहनने योग्य हों। फ्लैट फुटवियर्स भी अच्छे विकल्प होते हैं क्योंकि ये आरामदायक होते हैं और चलने में कोई दिक्कत नहीं होती। इसके अलावा आरामदायक सैंडल्स भी पहन सकती हैं, जो आरामदायक और स्टाइलिश दोनों होते हैं। सही फुटवियर्स का चयन आपके पूरे लुक को संतुलित करता है।